26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 11 नवम्बर, 2026
अंक- 17 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

अडाणी ने 4 उत्तराधिकारी चुने, इनमें 2 बेटे, 2 भतीजे

27 लाख करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। अडाणी ग्रुप के संस्थापक व अध्यक्ष 64 वर्षीय गौतम अडाणी अपने कारोबारी साम्राज्य की बागडोर चार पारिवारिक सदस्यों की एक चुनिंदा टीम को सौंपेंगे। इस टीम में उनके दो बेटे करण और जीत तथा दो भतीजे प्रणव और सागर शामिल हैं। इन्हें पूर्ण नियंत्रण कब सौंपा जाएगा, यह अभी तय नहीं है।

अडाणी ने विशेष बातचीत में कहा, 'अगली पीढ़ी को नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता है। उन्हें इसे हासिल करने की जिम्मेदारी विरासत में मिलती है।' भारतीय शेयर बाजारों में लिस्टेड अडाणी ग्रुप की एक दर्जन कंपनियों का मार्केट कैप 17 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। व्यक्तिगत संपत्ति करीब 10.11 लाख करोड़ रुपए है। 2009 में मुंद्रा पोर्ट पर बतौर कार्यकारी ग्रुप से जुड़े थे। 2016 में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के सीईओ बने। हाल ही में कंपनी ने 'इवोस' का करीब 2.41 लाख करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया।

भैयादूज पर जा रहे परिवार पर गुलदार ने किया हमला

पति-पत्नी और तीन बच्चे घायल

पैजनिया (चिंगारी) भैया दूज पर ससुराल जा रहे एक परिवार पर गुलदार (तेंदुए) ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनके तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के दौरान एक मासूम बच्ची के हाथ और पैर की हड्डियां तक टूट गईं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

गन्ने के खेत से अचानक निकला गुलदार

जानकारी के अनुसार, गांव मुकरपुर सत्ती निवासी सुशील कुमार अपने हुये परिवार के साथ भैया दूज के अवसर पर बाइक से अपनी ससुराल जा रहे थे। सुशील के साथ उनकी पत्नी ममता, दो पुत्रियां कनक व श्रुति तथा छोटा पुत्र विवांस भी थे। वे जब नहटौर थाना क्षेत्र



फाइल फोटो।

के अंतर्गत आने वाले खेड़ा जंगल के शॉर्ट रास्ते से गुजर रहे थे और महमूदपुर हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तभी अचानक पास के खेत से निकलकर एक खूंखार गुलदार ने उनकी चलती बाइक पर हमला बोल दिया।

बाइक समेत सड़क पर गिरा पूरा परिवार

गुलदार के अचानक

छपते-छपते

और आक्रामक हमले से सुशील अपना संतुलन खो बैठे, जिससे पूरा परिवार बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। जमीन पर गिरते ही गुलदार ने उन पर दोबारा झपट्टा मारने का प्रयास किया। परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत लाठी-डंडों के साथ दौड़े। ग्रामीणों के शोर मचाने और साहस दिखाने पर गुलदार वापस जंगल की तरफ भाग निकला।

इस भीषण हमले में सुशील और उनकी पत्नी ममता को गंभीर चोटें आई हैं, वहीं उनके तीनों बच्चे भी बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

एक बच्ची के हाथ व पैर की हड्डियां टूटीं

उनकी बड़ी बेटी कनक के हाथ और पैर की हड्डियां टूट गई हैं, जिससे उसकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

ग्रामीणों में खौफ व आक्रोश

घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में भारी खौफ और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में गुलदार की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे राहगीरों और किसानों का खेतों की तरफ निकलना मुश्किल हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल प्रभाव से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने और जंगल के रास्तों पर नियमित रूप से गश्त बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।

सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज






हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

सिपाही से दरोगा बने जवानों के 8 लाख रुपये माफ़

योगी सरकार ने दी बड़ी राहत!



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में सिपाही से दरोगा बने पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने उपनिरीक्षक पद पर चयनित 2025 बैच के अभ्यर्थियों की 8 लाख रुपये की रिकवरी माफ कर दी है। इस फैसले के बाद अब इन पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान जमा कराए गए बॉन्ड की रकम वापस नहीं करनी होगी। दरअसल, यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात कई पुलिसकर्मियों का नई भर्ती प्रक्रिया के तहत उपनिरीक्षक यानी दरोगा के पद पर चयन हो गया था, इसके बाद इन पुलिसकर्मियों ने सिपाही पद से जुड़ी ट्रेनिंग बीच में छोड़ दी और दरोगा के पद पर ज्वाइन कर लिया। नियमों के मुताबिक प्रशिक्षण के दौरान जमा कराई गई 8 लाख रुपये की बॉन्ड राशि की रिकवरी का मामला सामने आया था। ऐसे में सिपाही से दरोगा बने पुलिसकर्मियों के सामने अचानक 8 लाख रुपये लौटाने की चिंता खड़ी हो गई थी। अभ्यर्थी इस आर्थिक बोझ को लेकर परेशान थे।

2025 बैच के पुलिसकर्मियों को मिलेगा फायदा

योगी सरकार के इस फैसले का सीधा लाभ यूपी पुलिस के 2025 बैच के उन अभ्यर्थियों को मिलेगा, जिन्होंने सिपाही पद पर रहते हुए उपनिरीक्षक की भर्ती में सफलता हासिल की है। अब उन्हें प्रशिक्षण से संबंधित 8 लाख रुपये की बॉन्ड राशि वापस नहीं देनी होगी।

2017 से पहले नियुक्ति बोर्ड के अधिकारी बंधक बने रहते थे- मुख्यमंत्री योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज युवाओं और किसानों को बड़ी सौगात दी। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा राजस्व विभाग के लिए चयनित 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही अन्नदाताओं की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 4,300 लाभार्थी परिवारों को 215 करोड़ रुपए की सहायता राशि का वितरण भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राजस्व राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर उपस्थित रहे। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले नियुक्ति बोर्ड के अधिकारी बंधक बने थे। उन्होंने मुन्ना भाई एमबीबीएस फिल्म का जिक्र करते हुए सरकार पर तंज कसा। कहा कि 2017 से पहले परीक्षा देता था कोई, नियुक्ति पत्र ले जाता था कोई और।

कार सवारों से लूट की सूचना मिलने से मचा हड़कंप

पुलिस जांच में मामला मारपीट का निकला

नजीबाबाद (चिंगारी)। जलालाबाद नहर बाईपास मार्ग पर रात के समय कार सवार मेडिकल संचालक के साथ कथित लूट की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि शुरूआती जांच व पूछताछ में लूट की कहानी पुलिस को संदिग्ध प्रतीत हुई। पुलिस के मुताबिक मामला लूट के बजाय मारपीट का सामने आया। गांव हुसैनपुर निवासी सोनू पुत्र ऋषिपाल ने बीती रात डायल 112 पर फोन कर सूचना दी कि वह अपनी कार से हुसैनपुर से आदर्शनगर जा रहा था। इसी दौरान जलालाबाद नहर बाईपास मार्ग पर पीछे से कार में सवार होकर आए तीन अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी रुकवा ली। आरोप है कि तीनों उसके साथ मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ कर सोने की एक चेन व अंगूठी छीनकर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस को घटना की परिस्थितियां संदिग्ध नजर आईं। इसके बाद पुलिस ने सोनू की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लूट की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, मामला मारपीट का लग रहा है। तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर के बच्चों ने धूमधाम से मनाई दिवाली

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री श्री रविशंकर विद्या मंदिर, पूरनपुर गढ़ी में दिवाली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को दीयों, रंगोली व फूलों से भव्य रूप में सजाया गया। कार्यक्रम की



शुरुआत डॉ. इंदु लाहोटी, प्रोफेसर शुभा माहेश्वरी, श्रीमती कुमकुम गर्ग, प्रधानाचार्य नेहा देशवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ की। छोटे-बड़े सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक दिल को छू जाने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने मनमोहक नृत्य, गीत, कविता व लघु नाटिका के माध्यम से दिवाली के महत्व व भगवान श्री राम के अयोध्या आगमन की कथा को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति देखकर सभी अभिभावक व अतिथि भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन मिस लवलीन ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाई वितरित की गई। सभी शिक्षकों एवं अन्य सहयोगियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, संस्कृति व आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्य नेहा देशवाल ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

खोबे ने टिकट के लिए आवेदन प्रस्तुत किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम कबाड़ीवाला निवासी नजीबाबाद विधानसभा से भाजपा के संभावित प्रत्याशी चौधरी विक्रम सिंह खोबे ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज चौधरी से लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभ दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम सिंह खोबे ने भेंट वार्ता के दौरान प्रदेशाध्यक्ष से विधानसभा नजीबाबाद के कुछ प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मुलाकात के दौरान विधानसभा नजीबाबाद-17 से प्रदेशाध्यक्ष को टिकट हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

हजरत जलील शाह का सालाना उर्स 13 को

नजीबाबाद (चिंगारी)। हजरत जलील शाह जमीली सुल्तानी रहमतुल्ला अलैयहि का 11 वां उर्स मुबारक 13 नवम्बर 2026 को आस्ताने आलिया रायपुर रोड, भारत गैस एजेंसी के सामने जहानाबाद नजीबाबाद में आयोजित किया जाएगा। इस मौके चादरपोशी, लंगर, महफिल का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी खलीफा रईस अहमद जलीली सुल्तानी ने देते हुए अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की।

उद्देश्य शरीयत या मनुस्मृति लागू करना नहीं- मुकेश सुमन

नजीबाबाद (चिंगारी)। धर्म सापेक्षता एवं संतुलन सिद्धांत के प्रतिपादक मुकेश सुमन ने कहा कि धर्म सापेक्षता एवं संतुलन सिद्धांत सभी नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रताओं की रक्षा तो करता है, किन्तु इसका उद्देश्य शरीयत या मनुस्मृति लागू करना नहीं है, वैसी भी भारत सहित अनेक इस्लामिक राष्ट्रों में भी तीन तलाक व अस्पृश्यता आदि से संबंधित मजबूत कानून बन चुके है।

भैया दूज के त्यौहार पर बहनों ने भाइयों की आरती उतारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भाई बहन का त्यौहार भैया दूज बड़े ही प्रेम व सौहार्द के साथ मनाया गया। भैया दूज पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी। मिठाई खिलाकर गोला दिया। भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा करने संकल्प लिया। भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भी दिए। भैया दूज के त्यौहार पर बाजारों में रौनक दिखाई दी। बाजारों में भैया दूज के त्यौहार पर इस्तेमाल होने वाले सामान की जमकर बिक्री हुई। सड़कों पर दुपहिया वाहनों की भीड़ रही। बाजारों में दुकानों पर गोला व मिठाई की जमकर खरीददारी की गई। नजीबाबाद शहरी क्षेत्र में भैया दूज का त्यौहार प्रेम के साथ मनाया गया। मंडावली क्षेत्र के मुख्य बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही।



सपा सरकार जाने के बाद आखिर क्यों बंद हो गया सैफई महोत्सव?

रितेश सैन ने उठाया सवाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में सैफई महोत्सव हमेशा चर्चा का विषय रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में आयोजित होने वाला यह महोत्सव बॉलीवुड के बड़े कलाकारों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व भव्य आयोजनों के लिए जाना जाता था। लेकिन एक सवाल आज भी चर्चा में है कि जब सैफई महोत्सव इतना लोकप्रिय व महत्वपूर्ण आयोजन था, तो समाजवादी पार्टी की सरकार जाने के बाद इसका पुराना स्वरूप क्यों समाप्त हो गया? इस आयोजन के वित्तीय स्रोतों व खर्चों को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि सैफई महोत्सव निजी धन से आयोजित होता था, तो सरकार बदलने के बाद इसे उसी भव्यता के साथ जारी क्यों नहीं रखा गया? रितेश सैन ने कहा कि यदि आयोजन में सरकारी धन खर्च होता था, तो जनता को यह जानने का अधिकार है कि उस पर कितना पैसा खर्च किया गया व उससे प्रदेश की आम जनता को क्या लाभ मिला। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई से बड़े-बड़े फिल्मी सितारों को बुलाने व भव्य आयोजन करने का औचित्य क्या था?



जयंत चौधरी थोड़ी समझदारी दिखाते तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाता- चन्द्रशेखर (पेज 5)

मर्चेंट नेवी में नौकरी करने वाले ने दोस्तों के साथ मिलकर ट्राली चुराई, पकड़ा गया

किरतपुर (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने ट्रॉली चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जोन डियर ट्रैक्टर और चोरी की गई ट्रॉली बरामद की है। मामले में दो अन्य आरोपियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर 2026 को ग्राम नया गांव (मोहम्मद अलीपुर सुखानंद) निवासी ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात व्यक्ति उनके घेर से ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी कर ले गए हैं।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 नवंबर को घटना का खुलासा कर योगेश उर्फ रितिक पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम मोहम्मद अलीपुर सुखानंद उर्फ नया गांव, थाना किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में योगेश ने अपने साथी हनी पुत्र राजू निवासी ग्राम झलरी, थाना कोतवाली शहर तथा



मनीष पुत्र खिलेंद्र निवासी ग्राम रामपुर नौआबाद, थाना हल्दौर के साथ मिलकर ट्रॉली चोरी करने की बात स्वीकार की। योगेश ने पुलिस को बताया कि 4/5 नवंबर की रात तीनों ने जयप्रकाश के घेर से ट्रॉली चोरी की थी। ट्रॉली चोरी करने के लिए हनी अपने साथ जोन डियर ट्रैक्टर लेकर आया था। चोरी के बाद ट्रैक्टर और ट्रॉली को मोतीचूर के पास स्थित एक भट्टे के निकट कबाड़ी के गोदाम के समीप खाली जमीन पर छिपाकर खड़ा कर दिया था। इसके बाद से तीनों चोरी की गई ट्रॉली को बेचने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से जोन डियर ट्रैक्टर और एक ट्रॉली बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है और योगेश को जेल भेज दिया है। योगेश मर्चेंट नेवी में मुम्बई में नौकरी करता है, जो नौ महीने बाद छुट्टी पर घर आया था।

उल्लास के साथ मनाया गया भैयादूज का पर्व

अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। नगर और क्षेत्र में भैयादूज का पावन पर्व श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। यह पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और एक-दूसरे के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। भैयादूज को यम द्वितीया या भ्रातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाने वाला यह पर्व राखी के बाद भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और भी प्रगाढ़ बनाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, यह त्यौहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनें



अपने भाइयों का तिलक कर उनके दीर्घायु, सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं। बदले में भाई अपनी बहनों को स्नेह, आशीर्वाद और उपहार प्रदान करते हैं। भैयादूज का यह पर्व पूरे देश में अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे भाऊ-बीज, पश्चिम बंगाल में भाई फोंटा और उत्तर भारत में भैयादूज के नाम से जाना जाता है। यह पर्व न केवल भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। बल्कि भारतीय संस्कृति में पारिवारिक एकता, प्रेम और परस्पर सम्मान की भावना को भी सशक्त करता है।

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस ने आयोजित की विचार गोष्ठी

बिजनौर (चिंगारी)। जिला कांग्रेस मुख्यालय बिजनौर पर महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न एवं देश के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा प्रदेश चेयरमैन एवं पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी के निर्देशानुसार आयोजित इस गोष्ठी का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष वसीम अकरम एडवोकेट ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के विचारों, शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान, धर्मनिरपेक्षता, सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आज़ाद ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही आधुनिक भारत के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दिया। इस मौके पर वसीम अकरम एडवोकेट, शहर अध्यक्ष हुमायूं बैग, नीरज चौधरी, मुनीश त्यागी, मीनू गोयल, जफर हसनैन, इकबाल ठेकेदार, शमीम कुरैशी, अब्दुल समद आजाद, प्रशांत त्यागी, अनिल त्यागी, सविता सिंह, मोहम्मद आदिल, रफी अनवर, इमरान खान, फहीम अख्तर, जुनेद आलम, निसार अहमद, नसीम अंसारी, वेद प्रकाश, दिलेराम, मोहम्मद जाकिर, मुख्तार अंसारी, शान-ए-आलम, गुलाम हैदर, मोहम्मद सिराज सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

रसिक चौहान बने क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

बिजनौर (चिंगारी)। क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राज शेखावत ने संगठन के प्रति सक्रियता, निरंतर जनसंपर्क एवं सामाजिक कार्यों को देखते हुए बिजनौर निवासी कुंवर रसिक चौहान को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं



पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पूर्व मई माह में रसिक चौहान को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया था। दायित्व मिलने के बाद उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगातार जनसंपर्क करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का कार्य किया था। यूजीसी रोल बैक के मुद्दे को लेकर भी विभिन्न क्षेत्रों में यात्रा एवं जनजागरण अभियान चलाया था।



भली लगे या बुरी...

कब निर्मल होगी गंगा?

गंगा को निर्मल बनाने के लिए चलाए जा रहे 'नमामि गंगे' अभियान की जमीनी स्तर पर ऑनलाइन निगरानी के लिए सरकार भौगोलिक सूचना प्रणाली इस्तेमाल करेगी। जीआईएस आधारित इस निगरानी प्रणाली से किसी भी औद्योगिक इकाई या शहर से रोजाना निकलने वाली गंदगी पर नजर रखी जा सकेगी। इसके जरिये यह भी पता लगाया जा सकेगा कि किस शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं और कहां बंद पड़े हैं। साथ ही, किस शहर में एसटीपी कितनी बिजली का उपभोग कर रहे हैं। साफ है कि कागजी योजनाओं में कोई कमी नहीं है। मुद्दा उन्हें लागू करने का है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को गंगा सफाई अभियान पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। गंगा की सफाई पर कोर्ट ने कहा था कि केंद्र सरकार का जो एक्शन प्लान है, उससे गंगा की सफाई में 200 से भी ज्यादा वर्ष लगेंगे। याद रहे कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद राष्ट्रीय गंगा स्वच्छता मिशन के निदेशक की ओर से हलफनामा दाखिल किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के साथ सामने आए और बताए कि गंगा की सफाई के लिए उनके पास स्टेज वाइज क्या प्लान है। कोर्ट ने सरकार की कार्य योजना की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को ऐसे कदम उठाने चाहिए कि गंगा अपनी पुरानी पहचान पा सके। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट गंगा के सफाई के मामले को 1985 से देख रहा है। उस वक्त दायर एक पीआईएल में मांग की गई थी कि सीवेज लाइन में तब्दील हो चुकी गंगा को फिर से नदी का स्वरूप दिलाया जाए। बहरहाल, सरकार ने कहा है कि 29 बड़े शहरों, 23 छोटे शहरों और 48 नगरों से गुजरने वाली गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त कराने के वादे को पूरा करने के लिए वह कृतसंकल्प हैं। ऐसे उद्योग जिनके कारण गंगा गंदी हो रही है, के लिए नियम निर्धारित किए जा रहे हैं। इनका पालन न होने पर इन्हें बंद किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा से अपना खास रिश्ता जोड़ा है। उन्होंने वाराणसी से चुनाव जीता और उसके बाद गंगा 'मां' से वादा किया कि वह उसे साफ करेंगे। हालांकि गंगा की निर्मलता का वादा पूर्व की सरकारें भी कर चुकी हैं लेकिन परिणाम शून्य रहा है।

एक अच्छा मुसलमान और एक जिम्मेदार नागरिक

आस्था और देश के संविधान की मांग



डा.महताब अमरोहवी

पैगंबर मुहम्मद (सल्ल.) ने अपने स्वयं के आचरण के माध्यम से इन सिद्धांतों को प्रस्तुत किया। उनका जीवन व्यापार में ईमानदारी, कमज़ोरों के प्रति दया, किए गए वादों को पूरा करने, पड़ोसियों के अधिकारों का सम्मान करने और न्याय व निष्पक्षता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। उन्होंने सिखाया कि आस्था को व्यक्ति के चरित्र और व्यावहारिक आचरण में झलकना चाहिए।

क्या धर्म और आस्था केवल नमाज़ पढ़ने, रोज़े रखने, धार्मिक अनुष्ठान करने और धार्मिक कर्तव्यों को पूरा करने तक ही सीमित है, या फिर इसे हमारे सामाजिक व्यवहार, आपसी रिश्तों और दूसरों की सेवा में भी झलकना चाहिए। आज, यह सवाल चिंतन और चर्चा के सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। भारत जैसे विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक देश में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है, जहां अलग-अलग धर्मों, संस्कृतियों, भाषाओं और सामाजिक पृष्ठभूमियों के लोग एक साझा भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इस्लामी दृष्टिकोण से, धर्म केवल एक व्यक्ति और ईश्वर के बीच के संबंध तक सीमित नहीं है। यह एक नैतिक प्रतिबद्धता भी है, जो इंसान के चरित्र को गढ़ती है, दूसरों के साथ उसके व्यवहार को तय करती है और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करती है। इसलिए, एक अच्छे मुसलमान को ईमानदार होना चाहिए, एक दयालु पड़ोसी, एक सच्चा और ईमानदार पेशेवर, कानून का पालन करने वाला नागरिक और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने वाला व्यक्ति होना चाहिए। धार्मिक प्रतिबद्धता और नागरिक ज़िम्मेदारी एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि अगर इन्हें सही ढंग से समझा जाए, तो ये एक-दूसरे को मज़बूत करते हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। कुरआन इंसान को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराता है और बार-बार निर्देश देता है कि वे न्याय कायम रखें, अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करें और ईमानदारी के साथ अपना जीवन जिएं। अल्लाह तआला फरमाता है- 'निस्संदेह, अल्लाह तुम्हें आदेश देता है कि अमानतों को उनके हकदारों तक पहुंचाओ और जब लोगों के बीच फैसला करो, तो न्याय के साथ फैसला करो।' (कुरआन 458) आगे कहा गया है- 'निस्संदेह, अल्लाह न्याय, भलाई और रिश्तेदारों को (उनका हक) देने का आदेश देता है, और वह अश्लीलता, बुराई और ज़ुल्म से रोकता है।' (कुरआन 1690)यह व्यापक शिक्षाएं, व्यक्तिगत आचरण और सामूहिक जीवन, दोनों के लिए एक नैतिक आधार प्रदान करती हैं। पैगंबर मुहम्मद (सल्ल.) ने अपने स्वयं के आचरण के माध्यम से इन सिद्धांतों को प्रस्तुत किया। उनका जीवन व्यापार में ईमानदारी, कमज़ोरों के प्रति दया, किए गए वादों को पूरा करने, पड़ोसियों के अधिकारों का सम्मान करने और न्याय व निष्पक्षता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। उन्होंने सिखाया कि आस्था को व्यक्ति के चरित्र और व्यावहारिक आचरण में झलकना चाहिए।



ईमानदारी, सच्चाई और अधिकारों का सम्मान- एक अच्छे मुसलमान और एक ज़िम्मेदार नागरिक का चरित्र मूल रूप से ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर टिका होता है। सच बोलना, विश्वास बनाए रखना, वादे पूरे करना, समझौतों का सम्मान करना और दूसरों के अधिकारों का आदर करना- इस्लाम में ये केवल ऐच्छिक गुण नहीं हैं, बल्कि ये इसके नैतिक ढांचे और बुनियादी शिक्षाओं के अनिवार्य अंग हैं। पवित्र कुरआन ईमान वालों को निर्देश देता है- 'हे ईमान वालों'! अल्लाह के लिए गवाह बनकर न्याय पर मजबूती से कायम रहो, भले ही वह 'अपने स्वयं के, अपने माता-पिता के या अपने रिश्तेदारों के विरुद्ध (गवाही देने से न हिचकिचाएं)।' (कुरआन 4135) यह निर्देश उस प्रवृत्ति को खारिज करता है, जो सत्य से ऊपर व्यक्तिगत हितों, पारिवारिक निष्ठाओं, समूह से जुड़ाव या राजनीतिक प्राथमिकताओं को रखती है। न्याय के प्रति समर्पित व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति का समर्थन नहीं करता जिसने गलत काम किया हो, केवल इसलिए कि वह व्यक्ति उसके अपने समुदाय का है। इसी तरह, एक जिम्मेदार नागरिक झूठ को केवल इसलिए स्वीकार नहीं करता, क्योंकि उसे किसी ऐसे राजनीतिक दल या सामाजिक समूह द्वारा फैलाया जा रहा है, जिससे वह जुड़ा हुआ है।

मानवाधिकारों का सम्मान इस्लामी सिद्धांतों और नैतिकता का एक और मूलभूत पहलू है। कुरआन कहता है 'और हमने निश्चित रूप से आदम की संतानों को सम्मान प्रदान किया है।' (कुरआन 1770) मानवीय गरिमा किसी विशेष नस्ल, राष्ट्रीयता या सामाजिक वर्ग तक सीमित नहीं है। यह सिद्धांत मानव जीवन का सम्मान करने, कमजोर लोगों की रक्षा करने और अपमान, शोषण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। एक अच्छा मुसलमान तब उदासीन या चुप नहीं रह सकता, जब ग़रीबों को उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है, श्रमिकों का शोषण होता है, महिलाओं के साथ अन्याय होता है, बच्चों को शिक्षा से दूर रखा जाता है, या किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव किया जाता है। जरूरतमंदों के प्रति करुणा केवल कभी-कभार किए जाने वाले दान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसके बजाय, इसे उनकी परिस्थितियों को सुधारने और यह सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों में बदलना चाहिए कि उन्हें उनके उचित अधिकार मिलें।

धार्मिक पहचान और साझा नागरिकता- आज की सार्वजनिक चर्चाओं में एक आम गलतफहमी यह है कि एक मजबूत धार्मिक पहचान का राष्ट्रीय निष्ठा से टकराव होना अनिवार्य है। यह धारणा आस्था और नागरिकता के बीच एक बनावटी विकल्प खड़ी कर देती है, मानो किसी व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए अपनी धार्मिक पहचान को कमजोर करना पड़े। ऐसा विकल्प न तो जरूरी है और न ही रचनात्मक। एक मुसलमान अपनी इस्लामी मान्यताओं और धार्मिक प्रथाओं पर पूरी तरह अडिग रहते हुए भी एक सच्चा देशभक्त नागरिक हो सकता है। भारत का संवैधानिक ढांचा नागरिकता के साझा सिद्धांतों को स्थापित करते हुए धार्मिक विविधता को मान्यता देता है। इसी तरह, कुरआन सामाजिक जीवन के लिए यह सिद्धांत पेश करता है- 'हे मानव जाति! हमने तुम्हें एक पुरुष और एक स्त्री से पैदा किया है और तुम्हें विभिन्न समुदायों और कबीलों में बांटा है, ताकि तुम एक-दूसरे को पहचान सको। अल्लाह की नज़र में तुममें सबसे सम्मानित वह है, जो सबसे अधिक सदाचारी है।' (कुरआन 4913) यह आयत मानवीय विविधता को ईश्वरीय व्यवस्था का हिस्सा मानती है और इसे दुश्मनी के बजाय आपसी पहचान और समझ के आधार के रूप में प्रस्तुत करती है। एक मुसलमान होने का अर्थ है ईश्वर के प्रति वफादार रहना, उसकी रचना के प्रति न्यायपूर्ण होना, कानून का पालन करना, कमजोरों के प्रति करुणा दिखाना और राष्ट्र के कल्याण व प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहना।

(लेखक अमरोहा के नायाब अब्बासी डिग्री कालिज में साहित्य एवं पत्रकारिता के एसोसिएट प्रोफ़ेसर हैं)

जयंत चौधरी थोड़ी समझदारी दिखाते तो भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाता- चंद्रशेखर



बागपत (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के टीकरी कस्बे में मंगलवार को नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि उन्होंने थोड़ी समझदारी दिखाई होती तो केंद्र और प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सूपड़ा साफ हो गया होता। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए वह विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल होने को तैयार हैं। चंद्रशेखर आजाद टीकरी में पार्टी कार्यकर्ता विकास की मौत के बाद उनके परिजनों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी पार्टी और वह स्वयं हर परिस्थिति में परिवार के साथ हैं। उन्होंने परिजनों से खुद को अकेला नहीं समझने की अपील की। इसके बाद कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। सांसद ने कहा कि भाजपा को रोकने के लिए वह विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनने को तैयार हैं। उनकी पार्टी मुस्लिमों के मुद्दों को लेकर भी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने की मांग की। आजाद ने कहा कि प्रदेश में उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में सरकार पिछड़ रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, जबकि हाईवे पर बने टोल ग़रीबों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में खुलेआम हत्याएं हो रही हैं, जबकि मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। पंचायत चुनाव के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। आजाद ने आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद पंचायत चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार डंडे के दम पर चल रही है।

गोवर्धन पर्व श्रद्धा के साथ मनाया



शेरकोट (चिंगारी)। मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांवों में किसानों ने अपने आंगन व चौपाल पर गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाकर विधिवत पूजन किया। महिलाओं ने सुबह से गोवर्धन की आकृति को फूल, दूब, रोली व अक्षत से सजाया। इसके उपरांत दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अन्नकूट का भोग लगाया। पूजन कर गांव में गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की गई और श्रद्धालुओं ने गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाए। कुछ श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा गोवर्धन पर्वत अपनी उंगली से उठाते हुए बनाकर धूमधाम से पूजन किया। पंडित कृष्ण कुमार कौशिक, शिवम कौशिक, भास्कर कौशिक, निकिता कौशिक, मानवी कौशिक, सरोज कौशिक आदि सभी ने मिलकर श्री गोवर्धन महाराज की आरती की और प्रसाद वितरण किया।


डिजिटल शिक्षा से संवर रहा परिषदीय विद्यालयों का भविष्य

14,988 विद्यालय आईसीटी लैब से आच्छादित

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की तस्वीर तेजी से बदल रही है। अब गांव के बच्चे भी डिजिटल तकनीक, आधुनिक विज्ञान और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों से परिचित हो रहे हैं। प्रदेश के 14,988 परिषदीय विद्यालयों में संचालित आईसीटी लैब विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान से जोड़कर उनके भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं। प्रदेश सरकार का यह प्रयास शिक्षा को परंपरागत दायरे से आगे ले जाकर आधुनिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के नये अवसर उपलब्ध करा रहा है। परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। डिजिटल शैक्षिक सामग्री और तकनीकी संसाधनों के उपयोग से बच्चों को विषयों को समझने के नये अवसर मिल रहे हैं। विज्ञान और गणित जैसे विषयों को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत करने से सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और सहज बन रही है। तकनीक आधारित



शिक्षण विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित कर रहा है। आईसीटी लैब के माध्यम से बच्चों को डिजिटल दुनिया से परिचित कराने के साथ उन्हें भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। आईसीटी लैब विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरणों के उपयोग, सूचनाओं की समझ और तकनीक के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से परिचित कराने का अवसर प्रदान कर रही है। डिजिटल साक्षरता आज के समय में शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षण बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ने के साथ उनकी समस्या, समाधान क्षमता, तार्किक चिंतन और रचनात्मकता को विकसित करने में सहायक बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में तकनीकी रूप से सक्षम नागरिक बन सकें। परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सहभागितापूर्ण, रोचक और प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल संसाधनों के उपयोग से विद्यार्थियों को विषयों की बेहतर समझ विकसित करने और अपनी सीखने की क्षमता को बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। तकनीक आधारित शिक्षण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों के बीच आधुनिक शिक्षा के अवसरों को व्यापक बनाने में भी सहायक बन रहा है। शिक्षकों को भी डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक
भाई दूज की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ठा. वेदप्रकाश चौहान
ग्राम रूपपुर, चांदपुर



सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं



धामपुर शुगर मिल में पेराई-सत्र का भव्य शुभारंभ



ट्रैक्टर का पूजन करते हुए मिल मिल अधिकारी।



चेन की पूजा करते हुए मिल अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति।



किसान का अभिनन्दन करते हुए श्री आशीष शर्मा।

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल का सत्र 2026-27 का प्राइस सत्र आज वैदिक विधि विधान से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम श्री राम बल्लभ कुंज जानकी घाट, अयोध्या से पधारे पुजारी पंडित सुनील शास्त्री व हनुमान मंदिर शुगर मिल के पंडित ओमप्रकाश दीक्षित ने कांटो और बैल का पूजन कराया। बैलगाड़ी लेकर आने वाले ग्राम जैतरा के किसान लाल बहादुर सिंह, ट्रैक्टर ट्राली पर आए किसान मेघराज सिंह ग्राम बिरामपुर तथा गन्ना सेंटर खासपुर से ट्रक लेकर आए चालक ज्ञान सिंह को तिलक लगाकर माल्यार्पण करने के बाद मिठाई देकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष/यूनिट हेड आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार, गन्ना विभाग के जीएम करुण अग्रवाल गान्ना महा प्रबंधक मनोज चौहान, हेमराज सिंह शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता, गन्ना समिति धामपुर के सभापति मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी सरदार सतवंत सिंह सलूजा, ग्राम प्रधान पति दीपक चौहान ने नारियल फोड़कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इसके पश्चात धामपुर शुगर मिल की चेन पर नारियल फोड़कर पेराई सत्र का श्रीगणेश हुआ।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ग्राम जैतरा के प्रधान पति आदित्य वीर सिंह, शेरकोट निवासी भाजपा नेता कामेश्वर राजपूत, भारतीय किसान यूनियन टिकट के पदाधिकारी अमरपाल सिंह, कवि राज सिंह, दिग्विजय सिंह, महावीर सिंह, जगत सिंह, महेंद्र पाल सिंह, हरिओम सिंह, खान चंद, आलोक कुमार डबास, शर्मा जी, विजय जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

ब्रह्मलीन स्वामी माधवाश्रम का श्रद्धा के साथ मनाया आराधना महोत्सव

ऋषिकेश (चिंगारी)। जगदगुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी माधवाश्रम महाराज का नवम् आराधना महोत्सव भक्ति श्रद्धा, आस्था से स्वामी माधवाश्रम समाधि संस्थान जनार्दन आश्रम दंडी बाड़ा मायाकुंड में मनाया गया। गणेश पूजन के बाद महाराज की चरण पादुका का पूजन विधि विधान से किया गया। दंडी स्वामी अनिरुद्धानन्द तीर्थ, महंत अभय चैतन्य मुनि जी के सान्निध्य में स्वामी निग्रहाचार्य जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री माधवाश्रम महाराज का जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा शास्त्र सम्मत तर्क देकर सनातन धर्म की रक्षा की। गौ गंगा गायत्री के लिए उनका जीवन समर्पित रहा। समाधि स्थल पर अनायास पहुंचे स्वामी निग्रहाचार्य के कार्यक्रम में उपस्थित सभी आचार्यों ने उनके साथ चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया । दंडी स्वामी अनिरुद्धानन्द तीर्थ जी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी माधवाश्रम जी महाराज ने पूरे भारत वर्ष में सनातन धर्म के प्रचार में मुख्य भूमिका निभाई, महाराज ने कही प्रांतों में संस्कृत विद्यालय गोशालाओं का निर्माण करवाकर सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत किया। महंत अभय चैतन्य मुनि ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन धर्म में फैले भ्रामक भ्रातियों को दूर करने की आवश्यकता है। स्वामी माधवाश्रम जी ने आजीवन पूरी दृढता से सनातन के लिए कार्य किया। इस अवसर पर आश्रम के वरिष्ठ ट्रस्टी संजय शास्त्री ने सभी आये हुए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर ट्रस्टी शैलेन्द्र मिश्रा, एल. पी पुरोहित, प्रधानाचार्य डॉक्टर जनार्दन कैरवान आचार्य सुभाष डोभाल वैदिक ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गंगा राम व्यास, मणिराम पैन्यूली, आचार्य जितेन्द्र भट्ट, ब्रह्मचारी अजय, महिशानंद गिरि, स्वामी अखंडानंद महाराज स्वामी रामदास, डॉक्टर ओमप्रकाश भट्ट, जयेंद्र रमोला, दिनेश मास्टर, जयवर्धन भट्ट, देवन्द्र रोथाण, आरके शर्मा, घनश्याम नौटियाल, राजेन्द्र चमोली पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, दिनेश सती, राजेश भट्ट, आचार्य शंकर भट्ट, आचार्य मुकेश थपलियाल, आचार्य सौरभ सेमवाल, आयुष गौड़, आचार्य भानु प्रकाश उनियाल, मंगलेश्वर डंगवाल आदि उपस्थित थे।

60 ट्रैटापैक देशी शराब के साथ गिरफ़्तार

ऋषिकेश (चिंगारी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के नशे की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चैकिंग, धरपकड़ करने के निर्देश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के निर्देशन में वर्तमान में जारी 'आपरेशन प्रहार' के तहत प्रभारी कोतवाली रायवाला के नेतृत्व में पुलिस टीम सुसवा नदी के पुल के किनारे चैकिंग कर रही थी, तो नदी के पुल की तरफ से एक व्यक्ति काले रंग की स्कूटी लेकर आता दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया। पकड़े व्यक्ति की स्कूटी के पायदान पर सफेद रंग का प्लास्टिक के कट्टा रखा था, जिसे खोलकर देखा, तो ट्रैटा पैक माल्टा देशी मसालेदार अवैध शराब थी। पकड़े व्यक्ति से नाम पुछने पर उसने अपना नाम राहुल पुत्र नीरज साहनी हाल पता मायाकुण्ड बंगाली बस्ती कोतवाली ऋषिकेश बताया। उसके पास से 60 ट्रैटापैक माल्टा देशी मसालेदार अवैध शराब मय वाहन स्कूटी एक्टिवा काला रंग बिना नम्बर प्लेट बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल चंद्रपाल, कांस्टेबल अमित सैनी थे।

भैया दूज पर धामपुर डिपो से 64 अनुबंधित बसों का संचालन हुआ

धामपुर (चिंगारी)। आज भैया दूज के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा धामपुर डिपो से यात्रियों की सुविधा के लिए अनुबंधित 67 बसों में से 64 बसों का संचालन किया गया। धामपुर बस स्टेशन इंचार्ज लोकेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि धामपुर डिपो पर 67 बसों में से 64 बसे ऑन रोड हैं, जबकि तीन बसें चालक न होने के कारण नहीं चल पा रही। उन्होंने बताया कि धामपुर डिपो से प्रात: काल ही भैया दूज पर बसों के संचालन की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि डिपो से प्रतिदिन प्रात: 4 से शाम 5 बजे तक कौशांबी और आनंद विहार के लिए बसें उपलब्ध हैं। इनके अलावा प्रात: 5 से शाम 6 बजे तक नूरपुर, चांदपुर ,गजरौला के लिए भी बसें संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सिवहारा, कांठ, मुरादाबाद की ओर जाने वाली बस प्रात: काल रोडवेज से जाती है, जबकि उत्तराखंड से आने वाली बसें नगीना चौराहे के बाईपास से निकल जाती है।

सुन्दरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

धामपुर (चिंगारी)। नगर की धार्मिक संस्था श्रीमद हनुमत सेवा समिति (पंजीकृत), के तत्वावधान एवं बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक रामदास जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को पंजाबी कॉलोनी स्थित जुनेजा भवन में सुंदरकांड पाठ, सामूहिक संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन गायन का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। ज्ञानचन्द्र जुनेजा एवं श्रीमती पिंकी जुनेजा के आवास पर कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन के साथ हुआ। पंडित प्रवेश मिश्रा ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इसके उपरांत सुंदरकांड पाठ एवं संगीतमय हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से बाबा बजरंगबली का गुणगान किया और वातावरण भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान शानू जुनेजा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दिव्या जुनेजा रहे।



इस अवसर पर गिरीश जुनेजा, रुचि जुनेजा, माधव जुनेजा, प्रीत जुनेजा, अनीशा जुनेजा सहित निखिल अरोरा, पंडित अश्वनी जी, डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, डीके सलूजा, सोनू सिसौदिया, बबीता मिश्रा, जनुष्का मिश्रा, सुभाष चन्द्र कौशिक, पंकज भटनागर, तरुण शर्मा शास्त्री, एडवोकेट यतेन्द्र शर्मा, प्रवेश मिश्रा, पंकज वर्मा, मेघराज सिंह प्रजापति, अनिल चौधरी, श्रीमती चंचल देवी एवं चेतन सैनी ने अपनी सहभागिता निभाई। जबकि समिति की ओर से अनिल चौधरी, प्रवेश मिश्रा एवं डीके सलूजा ने आयोजक परिवार को भगवान श्रीराम के पावन नाम का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने की थी राखी की हत्या

40 दिन बाद कंकाल बरामद हुआ

चांदपुर (चिंगारी)। ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी निवासी राखी 28 सितम्बर से लापता थी। राखी की मां रेखा देवी ने 8 नवमबर को थाना चांदपुर में राखी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा जांच की गई तथा ग्राम गंधौर निवासी विकास पुत्र शीशराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। विकास ने 28 सितम्बर को ग्राम बबनपुरा के पास जंगल में राखी की गला घोंटकर एवं चाकू से गला काटकर हत्या करना तथा शव जंगल में छिपाना स्वीकार किया। विकास की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका राखी का कंकाल, एक दुपट्टा, एक जोड़ी चप्पल एक पायल आदि कब्जे में लिया।



पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में विकास ने बताया कि वे अपनी पत्नी व पुत्री के साथ ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी में किराए पर रहता था, जहां उसकी पहचान राखी से हो गई थी तथा उसके राखी के साथ शारीरिक संबंध स्थापित हो गए थे। बाद में राखी द्वारा उस पर शादी करने का दबाव बनाये जाने लगी तथा मना करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाने लगी, जिससे परेशान होकर उसने राखी को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। विकास ने पुलिस को बताया कि 28 सितम्बर को योजनानुसार राखी को मिलने के लिए बुलाया तथा उसका मोबाइल फोन बंद कराकर ई-रिक्शा से अपने साथ बबनपुरा के पास नहर की पटरी पर ले गया तथा वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर राखी को पिलाई और नशा होने पर राखी की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी तथा चाकू से उसका गला काट दिया। विकास ने बताया कि शव झाड़ियों में छिपा दिया तथा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से चाकू व राखी का मोबाइल फोन नहर में फेंककर अपने घर आकर सो गया। राखी की मां ने विकास पर शक जताया था। पुलिस ने राखी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल निकलवाई, जिसमें विकास के साथ उसकी बातचीत का रिकार्ड सामने आया। विकास जेसीबी चलाता है। वह ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी में किराये के मकान में रहता था। इसी दौरान उसके राखी से प्रेम संबंध हो गये थे। बताया जाता है कि राखी पहले भी दो शादी कर चुकी थी और दोनों को तलाक दे दिया था। विकास को शक था कि राखी के और भी कई लोगों से संबंध हैं। इस कारण वह उससे शादी नहीं करना चाहता था। साथ ही उसने सोचा था कि कई लोगों के साथ संबंध होने के चलते उस पर शक नहीं होगा।




ट्रक की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत

भैयादूज पर घर आ रही बहन को लेने गया था भाई

नहटौर (चिंगारी)। भैयादूज के त्यौहार पर घर आ रही बहन को लेने गया भाई सड़क हादसे का शिकार हो गया। नगर के पीर की चुंगी पर बाइक ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लठमार मिलक निवासी रिया पुत्री पप्पू सिंह मंगलवार देर सायं देहरादून-हरिद्वार से भैयादूज पर अपने घर नहटौर आ रही थी। उसे लेने के लिए उसका भाई सोनू बाइक से गांव से आया था। उसके साथ ग्राम रायपुर लकड़ा निवासी प्रदीप पुत्र नरेश भी था। बताया जाता है कि रिया को साथ लेने के बाद तीनों ने बाजार से कुछ खरीदारी की और गांव आने लगे, तभी नगर के पीर की चुंगी पर उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व पुलिस ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने रिया व सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रदीप की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



मृतकों के फाइल फोटो

गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट के भंडारे का आयोजन



नगीना (चिंगारी)। गोवर्धन पूजा पर नगर में अन्नकूट के भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। भंडारे का आयोजन मुरादाबाद निवासी संजय शर्मा द्वारा कराया गया। मंगलवार की सुबह भंडारे से पूर्व गुजराती मंदिर में पंडित अक्षत शर्मा ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई। श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। स्कूल में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल, डॉ.संदीप शर्मा, परितोष कौशिक, अमित जैन, साहू कपिल अग्रवाल, सनी चौधरी, राहुल शर्मा, सभासद गोपाल शर्मा, पालिका के नामित सभासद डॉ.भूपेश चौहान, सोहन सैनी, सुनील शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अल्लामा इक़बाल के जन्मदिन पर उर्दू दिवस और मुशायरे का आयोजन

डॉ. तारिक कमर को दिया 'निशान-ए-इक़बाल' सम्मान

नगीना (चिंगारी)। कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट की ओर से सोमवार रात प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल के जन्मदिन पर उर्दू दिवस एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शायर डॉ. तारिक कमर को साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'निशान-ए-इकबाल' सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें शॉल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बहजत अय्यूब जंजानी की अध्यक्षता व परवेज आदिल माही व बहार नगीनवी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ताहिर सऊद ने नात-ए-पाक पेश कर किया। तय्यब आजाद शेरकोटी व आसपा नेत्री शीतल कुमारी ने संयुक्त रूप से मुशायरे का आगाज किया। डॉ.दाऊद नूर ने अल्लामा इकबाल के जीवन दर्शन और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनकी रचनाओं की प्रासंगिकता बताई। मुशायरे में ताहिर सऊद किरतपुरी, उबैद नजीबाबादी, माहिर स्योहारवी, सुनील साहिल देहरादून, हाफिज नगीनवी, तय्यब आजाद शेरकोटी, एहतेशाम तश्ना, बहार नगीनवी, अलमास रूमानी, डॉ. तारिक कमर और खुर्शीद नाज नहटोरी सहित शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।



तारिक कमर ने कहा, 'जिस तरफ सब हैं उधर होना कोई बात नहीं, कुछ तो उलझन है जो हम आके इधर बैठे हैं।' वहीं सुनील साहिल के शेर 'तलाश है मुझे एक दोस्त की जमाने से, कसम खुदा की मेरी आस्तीन खाली है' को भी खूब सराहना मिली। देर रात तक चले मुशायरे में श्रोताओं ने शायरों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एमएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, डॉ.दाऊद मुल्तानी, डॉक्टर आलमगीर काजमी, ललित कुमार, शहाबुद्दीन मुल्तानी, मरगूबुर्रहमान, सिद्दीक मुल्तानी, शेख राशिद, शहजाद हुसैन आदि मौजूद रहे।

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
11 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



सहवाग के आतिशी शतक से भारत अंडर 19 एशिया कप के सेमीफाइनल में

अल अमीरात (एजेंसी/चिंगारी)। आर्यवीर सहवाग (160) के आतिशी शतक से भारत अंडर 19 ने यूएई अंडर 19 को मंगलवार को 70 रन से रौंदकर अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने ग्रुप ए मैच में 50 ओवर में सात विकेट पर 309 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद यूएई को 50 ओवर में 239 रन पर समेट दिया। भारत का सेमीफाइनल में अफगानिस्तान से मुकाबला होगा। भारत की जीत के मुख्य सूत्रधार रहे आर्यवीर रहे, जिनके 168 गेंदों पर 17 चौकों और सात छक्कों की मदद से बने 160 रनों की बदौलत ही भारतीय टीम इतना बड़ा स्कोर खड़ा कर पाई। सहवाग ने शुरुआत में संभलकर खेला, लेकिन शतक पूरा करने के बाद उन्होंने अपने असली रंग में आकर शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने सही गेंदों को चुना और उन पर बेहतरीन शॉट खेले। इस पारी के लिए सहवाग को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बाएं हाथ के बल्लेबाज वीके विनीत (67) ने भी सहवाग का अच्छा साथ दिया और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़े। हालांकि, अंत में यूएई ने कुछ विकेट जरूर लिए, लेकिन भारत 300 से ज्यादा का स्कोर बनाने में कामयाब रहा। इस स्कोर को पार करना यूएई टीम के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती साबित हुआ। अन्वय द्रविड़ 12 रन बनाकर आउट हुए। भारत सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जीत की ज़रूरत थी और उन्होंने वह हासिल कर ली। ऐसा लग रहा था कि यूएई के लिए इस लक्ष्य का पीछा करना हमेशा से ही मुश्किल था। भारतीय गेंदबाज़ी में बहुत धार और सटीकता थी। उन्होंने बहुत सधी हुई लाइन और लेंथ पर गेंदबाज़ी की और इसका उन्हें फ़ायदा भी मिला। पारी के अंत में, अहमद खुदादाद (74) और नूरुल्लाह आयोबी (39) ने कुछ तेज़ी से रन बनाए, जिससे हार का अंतर थोड़ा कम हो गया।



2021 में दिए गए गेंदबाजों के बयान पर कायम हैं स्टार्क

मेलबर्न (एजेंसी/चिंगारी)। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इस बात से इनकार किया है कि 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गेंदबाजी समूह को सैंडपेपर के इस्तेमाल के बारे में कोई जानकारी थी। इस घटना के कारण कप्तान स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। स्टार्क का यह बयान उस्मान ख्वाजा के उस खुलासे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि टीम के सभी सदस्यों को गेंद पर सैंडपेपर के इस्तेमाल के बारे में पता था। वॉर्नर ने भी इस दावे को 100 प्रतिशत सही बताया है। स्टार्क ने कहा कि वह उस बयान पर कायम हैं जो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने 2021 में दिया था। उस बयान में उन्होंने कहा था, हमें अपनी ईमानदारी पर गर्व है... हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि गेंद की स्थिति बदलने के लिए मैदान पर कोई बाहरी चीज लाई गई है।



भारत-सिंगापुर के खिलाफ एएफसी अंडर 17 एशियन कप 2027 क्वालीफायर की शुरुआत करेगा


कुआलालंपुर (एजेंसी/चिंगारी)। भारत की अंडर 17 पुरुष टीम अपने एएफसी अंडर17 एशियाई कप उज्बेकिस्तान 2027 क्वालीफायर ग्रुप ई अभियान की शुरुआत आज मलेशिया के कुआलालंपुर फुटबॉल स्टेडियम में 18:30 बजे सिंगापुर के खिलाफ करेगी। ब्लू कोल्ट्स का लक्ष्य लगातार एएफसी अंडर17 एशियाई कप में उपस्थिति सुनिश्चित करना और अपने इतिहास में 11वीं बार टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना है। मेजबान मलेशिया, फिलिस्तीन और गुआम मैदान में अन्य टीमें हैं, क्योंकि केवल ग्रुप विजेता ही एएफसी अंडर17 एशियाई कप 2027 में आगे बढ़ेंगे, जो 12 से 29 मई, 2027 तक उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाला है। ग्रुप ई की पांच टीमों में से, भारत 2026 एएफसी अंडर17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम है। ब्लू कोल्ट्स ऑस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान से हार के बाद ग्रुप चरण से बाहर हो गए। ब्लू कोल्ट्स नव-नियुक्त मुख्य कोच मेहराजुद्दीन वाडू के नेतृत्व में एक व्यापक तैयारी अवधि के बाद क्वालीफायर में प्रवेश करेगा। टीम ने सितंबर में गोवा में अपना तैयारी शिविर शुरू किया, जहां क्वालीफायर से पहले अंतिम 23 सदस्यीय टीम का चयन करने से पहले एक महीने की चयन प्रक्रिया के दौरान 100 से अधिक खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया गया था। वाडू की टीम ने अक्टूबर की शुरुआत में म्यांमार की यात्रा की, जहां उन्होंने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले, पहले में 1-1 से ड्रॉ खेला और दूसरे में 4-0 से जीत हासिल की।



मनु भाकर ओलंपिक कोटा से चूक गईं, भारत ने 25 मीटर पिस्टल में टीम स्वर्ण पदक जीता

दोहा (एजेंसी/चिंगारी)। मनु भाकर मंगलवार को दोहा, कतर में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप 2026 में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भारत के लिए लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गईं।

कोरिया गणराज्य के यांग जिन ने 44 के नए विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, वियतनाम के त्रिन्ह थू विन्ह से आगे, जिन्होंने रजत के लिए 43 का स्कोर किया। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के झांग यूयेयू ने 34 के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, 27 के साथ, शीर्ष तीन के फाइनल होने से ठीक पहले बाहर हो गईं, जबकि हमवतन ईशा सिंह, पहली निशानेबाज, 11 के साथ फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप 2026 में सभी 12 व्यक्तिगत ओलंपिक शूटिंग स्पर्धाओं में से शीर्ष तीन ने अपने-अपने देशों के लिए लॉस एंजेलिस 2028 कोटा सुरक्षित किया, जो प्रत्येक स्पर्धा में प्रति एनओसी दो स्थानों के अधिकतम आवंटन के अधीन है। चूंकि राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के पास ओलंपिक खेलों में अपनी संबंधित टीमों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है, इसलिए एलए खेलों में एथलीटों की भागीदारी एलए28 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें चुनने वाली एनओसी पर निर्भर करती है। फाइनल में दोनों भारतीय निशानेबाजों ने धीमी शुरुआत की, जहां मनु ने पांच की शुरुआती श्रृंखला में पांच में से सिर्फ दो शॉट लगाए, वहीं ईशा सिर्फ एक ही शॉट लगा पाईं। हालांकि, मनु ने शानदार रिकवरी की और कई शूटआउट में जीवित रहकर शीर्ष चार में जगह बनाई। सात राउंड की शूटिंग के बाद 24 वें स्थान पर झांग के साथ बराबरी पर, मनु ने आठवीं श्रृंखला में पांच में से तीन अंक हासिल किए, जबकि चीनी निशानेबाज ने पोडियम स्थान पक्का करने के लिए एक सही स्कोर बनाया। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन पांचवें स्थान पर रहीं। दोनों भारतीयों ने पहले योग्यता के माध्यम से आठ-महिला फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, जहां ईशा सिंह 590-25× के साथ तीसरे और भाकर 587-24× के साथ छठे स्थान पर रहीं। दिव्या टीएस 584-19× के साथ 10वें स्थान पर रहकर फाइनल से चूक गईं।



मोदी ने अनुज श्रीवात्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई दी

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवात्री के देश के 100 वें ग्रैंडमास्टर बनने के बाद शतरंज में भारत के बढ़ते कद की सराहना की, इस मील के पत्थर को एक असाधारण उपलब्धि बताया और अधिक युवाओं से इस खेल को अपनाने का आग्रह किया।

मध्य प्रदेश के खिलाड़ी को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि देश में प्रतिभा की गहराई, शतरंज खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता और युवा पीढ़ी के बीच खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत ने शतरंज में शतक लगाया है! क्या यह असाधारण नहीं है? भारत अब सौ शतरंज ग्रैंडमास्टरों का घर है! भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवात्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि कई युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। श्रीवात्री ने रविवार को फिलीपींस के सिनाकाबन में 7वीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी जीत ने भारत के ग्रैंडमास्टर्स की संख्या को 100 तक पहुंचा दिया, लगभग चार दशक पहले विश्वनाथन आनंद 1988 में यह खिताब हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी बने थे।

केकेआर की सह-मालिक जूही चावला चाहती हैं जनवरी में हो टूर्नामेंट

मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)। कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइज़ी की सह-मालिक जूही चावला नहीं चाहतीं कि आईपीएल का आयोजन गर्मियों की शुरुआत यानी आमतौर पर मार्च से मई के बीच हो। उनकी जगह इसे साल के ठंडे महीनों में, जनवरी में आयोजित करने की इच्छा है। सोमवार को एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने लिखा, आईपीएल को अब क्रिकेट कैलेंडर में अपनी जगह तलाशने की ज़रूरत नहीं है। उसने कैलेंडर को प्रभावित करने का हक़ हासिल कर लिया है। टूर्नामेंट के पहले चेयरमैन ललित मोदी ने भी उनके सुझाव का समर्थन किया।

चावला ने लिखा, दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट को साल के सबसे गर्म महीनों में क्यों खेलते रहना चाहिए और अगर कैलेंडर पर दोबारा विचार हो रहा है, तो अप्रैल-मई की जगह जनवरी क्यों नहीं? बेहतर परिस्थितियां, बेहतर क्रिकेट और कुल मिलाकर सभी के लिए बेहतर अनुभव। आईपीएल का स्वरूप बदल चुका है। शायद अब इसके कैलेंडर में भी बदलाव का वक़्त है।

सलीमा टेटे घरेलू मैदान पर खिताबी हैट्रिक लगाने के अभियान का नेतृत्व करेंगी

भोपाल (एजेंसी/चिंगारी)। मध्य प्रदेश के भोपाल में 19 से 28 नवंबर तक होने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के नौवें संस्करण के सभी मैच नाथू बरखेड़ा में बने नए इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाएंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे भारतीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। पिछले महीने जापान में हुए एशियाई खेल 2026 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद, यह भारतीय टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत तीन बार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का चैंपियन बन चुका है। टीम ने पहली बार 2016 में यह खिताब जीता था, और उसके बाद 2023 और 2024 के लगातार संस्करणों में भी जीत हासिल की।



धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईदूज



बिजनौर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़।

बिजनौर (चिंगारी)। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज का पावन पर्व बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। शुभ मुहूर्त में बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की थाली सजाई और अपने भाइयों के माथे पर कुमकुम व अक्षत का तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को गोला (नारियल) भेंट किया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार और नेग भेंट कर जीवन भर उनकी रक्षा करने तथा हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया।





भाई का तिलक करते हुए बहनें।

भैयादूज के चलते मिठाई, फल और उपहार की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। मिठाई व गोलो की रिकॉर्ड बिक्री हुई। स्थायी दुकानों के साथ-साथ कई लोगों ने मिठाई व गोलो के फड़ भी लगाये। दिन भर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रही।

भैया दूज के पर्व पर उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) ने अतिरिक्त बसें चलाईं। बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों खासकर महिलाओं की भीड़ रही। प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित किया गया और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई, ताकि यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्यदेव की संतान यमराज और यमुना भाई-बहन थे। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थीं और उन्हें बार-बार अपने घर भोजन का निमंत्रण देती थीं। कार्तिक मास की द्वितीया तिथि को यमराज अचानक अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे। यमुना ने प्रसन्न होकर उनका आतिथ्य किया, उन्हें तिलक लगाया और स्वादिष्ट भोजन कराया। इस बात से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि जो बहन इस दिन अपने भाई को तिलक लगाकर भोजन कराएगी, उसे अकाल मृत्यु या यमलोक का भय नहीं होगा। तभी से यह परंपरा शुरू हुई।

एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण नरकासुर राक्षस का वध करने के बाद कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन अपनी बहन सुभद्रा से मिलने गए थे। सुभद्रा ने भाई का स्वागत आरती, तिलक और मिठाइयों से किया था, जिसके बाद से इस पर्व को मनाने की शुरुआत हुई।

दीपोत्सव से अयोध्या के होमस्टे कारोबार को मिली नई रफ्तार

लखनऊ/अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। अयोध्या में दीपोत्सव-2026 की भव्यता ने इस बार पर्यटन कारोबार को भी नई ऊंचाई दी। 36 लाख दीपों से जगमगाई रामनगरी और 2100 ड्रोन्स का भव्य शो देखने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचे।

श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद का असर शहर के होटल और होमस्टे कारोबार पर भी दिखाई दिया। खास बात यह रही कि पर्यटकों ने होटलों के साथ-साथ स्थानीय परिवारों की ओर से संचालित होमस्टे में भी ठहरने को प्राथमिकता दी। इससे होमस्टे संचालकों की कमाई बढ़ी और कई परिवारों को अपने ही शहर में रोजगार के नए अवसर मिले। दीपोत्सव के दौरान एक से सात नवंबर तक अयोध्या में करीब 15 लाख पर्यटक पहुंचे, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में आठ लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ था। वहीं, रामलला के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी पिछले वर्ष के पांच लाख से बढ़कर इस बार करीब 10 लाख हो गई। पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से स्थानीय कारोबार को भी अच्छा लाभ मिला। होमस्टे संचालकों के मुताबिक, दीपोत्सव के दौरान उनके यहां कमरों की मांग सामान्य दिनों के मुकाबले काफी अधिक रही। कई पर्यटकों ने एक-दो दिन के बजाय अधिक समय तक रुकना पसंद किया।

श्रीरामदूत निवास होमस्टे के संचालक वासुदेव मौर्य ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान सामान्य दिनों की तुलना में कारोबार में करीब 120 से 130 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। उनके यहां सभी कमरे बुक रहे। महाराष्ट्र से आए कई पर्यटकों ने अपना प्रवास भी बढ़ाया। घर का बना खाना, पारिवारिक माहौल और हनुमानगढ़ी के लड्डू मेहमानों को खूब पसंद आए। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को श्रीराम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, गुप्तार घाट और सरयू आरती के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रतिदिन 1000 से 1200 रुपये किराये पर कमरे उपलब्ध होने के कारण पर्यटकों को होमस्टे किफायती विकल्प लगा। कुसुम होमस्टे के संचालक अविनाश कुसुम ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान उनके यहां रोजाना कमरे भरे रहे। परिवार के साथ आने वाले पर्यटकों ने बाहर के खाने के बजाय घर में तैयार ताजा भोजन पसंद किया। छोटे बच्चों के लिए हल्का भोजन और गर्म पानी जैसी सुविधाओं से मेहमानों को काफी सहूलियत मिली। कई पर्यटकों ने यहां के माहौल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें अपने किसी रिश्तेदार के घर ठहरने जैसा अनुभव हुआ। श्री शिवाय होमस्टे के संचालक प्रवीण मिश्रा के मुताबिक, दीपोत्सव के दौरान उनके यहां कमरों की मांग इतनी अधिक रही कि शत-प्रतिशत बुकिंग के बाद भी पर्यटकों का आना बंद नहीं हुआ। गुजरात समेत कई राज्यों से आए पर्यटकों ने घरेलू माहौल और आतिथ्य की सराहना की। प्रवीण ने कहा कि दीपोत्सव के दौरान मिले अच्छे कारोबार से परिवार की आमदनी बढ़ी है और होमस्टे उनके लिए रोजगार का बेहतर माध्यम बनकर उभरा है।



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला

होमस्टे कारोबार से महिलाओं को भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। पूनम होमस्टे की संचालक पूनम सोनकर ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान उनके यहां 80 प्रतिशत कमरे बुक रहे। कई मेहमानों ने अपना ठहराव भी बढ़ाया। उन्होंने पर्यटकों का स्वागत अयोध्या के प्रसिद्ध खुर्चन पेड़े से किया। पूनम ने बताया कि उनके परिवार के लिए इस कारोबार का सबसे बड़ा फायदा यह रहा कि उनके बेटे ने राजस्थान के एक बड़े शहर में नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बावजूद अयोध्या में ही रहकर परिवार के कारोबार से जुड़ने का फैसला किया। अब इस कारोबार में दो अन्य लोगों को भी रोजगार मिला है। द रामा जंक्शन (बीएंडबी) की संचालक राजकुमारी तिवारी ने बताया कि उनके पति के सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद होमस्टे परिवार की आय का महत्वपूर्ण जरिया बना है। दीपोत्सव के दौरान उनके यहां सभी कमरे बुक रहे। केरल और तमिलनाडु से आए पर्यटकों ने यहां ठहराव किया। उन्होंने बताया कि इस कारोबार से उनके पति को सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहने का अवसर मिला है और परिवार की आमदनी में भी सहयोग मिल रहा है।

भैयादूज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया, भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प दोहराया

नांगल सोती (चिंगारी)। गोवर्धन पूजा दो दिन होने के बाद भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक भैयादूज पर्व आज हर्षोल्लास के साथ परम्परागत रूप से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाकर और उन्हें गोले, मिठाई भेंट करके उनकी दीर्घायु तथा सुख-समृद्धि की कामना की, जबकि भाइयों ने बहनों की हरसंभव मदद, रक्षा करने का संकल्प दोहराया।

हिन्दी कैलेंडर के अनुसार भैयादूज का त्यौहार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। सनातन धर्म में विशेष मान्यता रखने वाले इस पर्व को 'यम द्वितीया' या 'भ्रातृ द्वितीया' भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को ही मृत्यु के देवता यमराज अपनी बहन यमुना के आग्रह पर उनके घर गये थे। यमराज द्वारा यमुना को दिये गये वरदान स्वरूप ही इस त्यौहार को मनाने की परम्परा शुरू हुई।


भाई का तिलक करते हुए बहन।

आज सुबह सवेरे से ही सड़कों पर वाहन दनादन दौड़ते नजर आये। कहीं बहिनें, भाइयों के घर पहुंचीं, तो कहीं भाई, बहनों के घर गये। बहनों ने भाइयों के मस्तक पर तिलक करके उन्हें चने और गोले (सूखे नारियल) भेंट किये तथा मिठाई खिलाई।

आज सड़कों पर भारी यातायात नजर आया। सुबह से शाम तक सड़कों पर वाहन दनादन दौड़ते रहे। रोडवेज वाहनों में भारी भीड़ रही। पेट्रोल, डीजल भरवाने को पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लाइनें लगी रहीं। दीपावली की भांति आज भी मिठाइयों की खूब बिक्री हुई, जिससे मिष्ठान विक्रेताओं के चेहरे खिले हुए नजर आये। गोलों की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई।

फार्म-6 भरते समय सही मोबाइल नंबर और पता देना अनिवार्य

डुप्लीकेट आवेदन रोकने के लिए CSC संचालकों को डीएम ने दिए निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जनपद के सभी जनसुविधा केंद्र संचालकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भरे जाने वाले फार्म-6 की प्रक्रिया का सही ढंग से पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि एक ही व्यक्ति द्वारा बार-बार फार्म भरने से मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां होने की आशंका रहती है।

डीएम ने निर्देश दिए कि फार्म-6 में आवेदक का वास्तविक एवं सक्रिय मोबाइल नंबर और पूरा आवासीय पता व पिन कोड दर्ज किया जाए। संचालक अपना या गलत मोबाइल नंबर दर्ज न करें। ई-साइन के बाद जनरेट होने वाला रेफरेंस नंबर आवेदक को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। मोबाइल पर मैसेज न आने की स्थिति में रेफरेंस नंबर का स्क्रीनशॉट या लिखित जानकारी दें, ताकि दोबारा आवेदन करने की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया कि रेफरेंस नंबर से आवेदन की स्थिति ट्रैक करने के साथ ही दस्तावेजों की कमियों की जानकारी और ई-ईपिक डाउनलोड किया जा सकता है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फार्म-6 की दोहरी प्रविष्टियां रोकने तथा सभी CSC संचालकों का प्रशिक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

डीएम की अपील : जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अपील की कि फार्म-6 भरते समय सही मोबाइल नंबर और पूरा पता दें तथा आवेदन का रेफरेंस नंबर सुरक्षित रखें। बिना पुराने आवेदन की स्थिति जांचे दोबारा फार्म न भरें।

मंदिर में मनाया गया अन्नकूट पर्व

किरतपुर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला महाजनान स्थित श्री देवा शंकर मंदिर में अन्नकूट पर श्री कृष्ण भगवान की महाआरती की गई और दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार को मोहल्ला महाजनान स्थित श्री देवा शंकर मंदिर में आयोजित अन्नकूट कार्यक्रम के मुख्य यजमान नंद गोपाल अग्रवाल और उनकी फैमिली रही। महिलाओं ने भजन सुनाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम पंडित नंदीश्वर देवरानी ने कराया। कार्यक्रम में महाआरती के पश्चात ब्राह्मण भोज किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नंदगोपाल बिजनौर वाले, अजीत अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अशोक गुप्ता, अनुज अग्रवाल, सत्येंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रजत अग्रवाल, संजय द्विवेदी, मयंक अग्रवाल, आकाश जैन आदि रहे।



वाह शमीम भाई, दीपावली पर भाईचारे की जोत जलाई

बिजनौर (चिंगारी)। दीपावली के मौके पर जब पूरा शहर दीयों और रोशनी से जगमगा रहा था, तब बिजनौर के फेमस सैलून के स्वामी शमीम अहमद ने भी अपने प्रतिष्ठान पर 51 दीपक जलाकर यह साबित कर दिया कि त्यौहार धर्म से नहीं, दिल से मनाए जाते हैं। दीपावली की शाम जैसे ही शहर में रोशनी फैली, शमीम अहमद ने अपने सैलून के बाहर कतार में दीपक सजा दिए और दीपक जलाकर पूरे प्रतिष्ठान को दीयों से रोशन कर दिया। शमीम अहमद ने कहा, दीपावली सिर्फ एक धर्म का त्यौहार नहीं है, यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि बिजनौर की पहचान हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब रही है। यही हमारी असली ताकत है। और अगर हम एक-दूसरे की खुशी में शामिल होंगे, तो नफ़रत अपने आप खत्म हो जाएगी। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने भी शमीम अहमद के इस कदम की सराहना की। देर रात तक सैलून दीयों की रोशनी से जगमगाता रहा और आने-जाने वाले लोग रुक-रुककर भाईचारा और सौहार्द के इस सुंदर नजारे को देखते रहे। शमीम अहमद के इस कदम की चिंगारी सराहना करता है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

दीपावली पर चरमरा गई यातायात व्यवस्था, नूरपुर में एक किलोमीटर तक लगा जाम



नूरपुर (चिंगारी)। पुलिस की लापरवाही के चलते त्यौहार के मद्देनजर नूरपुर नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर के मुख्य बाजार और चौराहों पर चारों तरफ छोटी-बड़ी गाड़ियों का एक-एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। बाइक, कार, ई-रिक्शा, ऑटो एक-दूसरे में उलझ गए। स्थिति यह रही कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि त्यौहार पर पुलिस द्वारा यातायात का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया, जिसके कारण हर त्यौहार पर यही स्थिति बनती है। लोगों ने प्रशासन से बाजार में अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग की है।

एंबुलेंस भी जाम में फंसी

जाम की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई। काफी देर तक एंबुलेंस सायरन बजाती रही लेकिन भीड़ के कारण उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला। स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मुश्किल से एंबुलेंस को निकाला जा सका।



कुटकी (Kutki)

एक चमत्कारी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी

कुटकी एक महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जो विशेष रूप से **लिवर के स्वास्थ्य और कई रोगों से राहत** के लिए जानी जाती है।



कुटकी के प्रमुख फायदे

कुटकी के उपयोग से मियादी बुखार (टॉयफॉयड) का इलाज

⏭ इंद्रयव, परवल के पत्ते तथा कुटकी से बने 10-20 मिली काढ़ा को पीने से मियादी बुखार या टॉयफाइड में लाभ होता है।

⏭ परवल के पत्ते, सारिवा, नागरमोथा, पाठा तथा कुटकी से बने काढ़ा (10-20 मिली) या चटनी का प्रयोग करने से भी टॉयफॉयड में लाभ होता है।

⏭ कुटकी का 10-20 मिली काढ़ा का सेवन करने से पित्तज विकार के कारण होने वाली बुखार में लाभ होता है।

⏭ कुटकी के 1-2 ग्राम चूर्ण में बराबर मात्रा में नीम की छाल मिला लें। इस काढ़ा को पिलाने से बुखार तथा अत्यधिक प्यास लगने की परेशानी ठीक होती है।

⏭ बराबर मात्रा में कुटकी, द्राक्षा, मुलेठी तथा नीम से काढ़ा बना लें। इस काढ़ा का 10-20 मिली मात्रा या चटनी का सेवन करें। इससे अथवा 2-3 ग्राम कुटकी चूर्ण में दोगुना चीनी मिलाकर नियमित सेवन करने से पित्तज विकार के कारण होने वाली बुखार और कफज विकार के कारण होने वाले बुखार में लाभ होता है।

⏭ कुटकी के 1-2 ग्राम चूर्ण को चीनी के साथ सेवन करें। इसके बाद गुनगुना जल पीने से कफ-पित्त-बुखार में लाभ होता है।

⏭ बराबर मात्रा में कुटकी, हरीतकी, द्राक्षा, नागरमोथा तथा पित्तपापड़ा का काढ़ा बना लें। इसे 25-50 मिली मात्रा में पीने से भी कफ-पित्तज बुखार में लाभ होता है।

⏭ ज्वर-कुटकी, खस, बला, धनिया, पर्पट तथा नागरमोथा से काढ़ा बना लें। इसे 10-20 मिली की मात्रा में सेवन करने से हर तरह के बुखार का नाश होता है।



पेट के रोग में कुटकी के सेवन से लाभ

⏭ 2 ग्राम कुटकी चूर्ण में 2 ग्राम शक्कर तथा मधु मिलाकर चाटने से एसिडिटी की परेशानी में लाभ होता है।

⏭ 1-2 ग्राम कुटकी चूर्ण में 500 मिग्रा काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर सेवन करने से पेट का दर्द ठीक होता है।

⏭ कुटकी का तेल बनाकर आमाशय पर मालिश करने से भी पेट दर्द ठीक होता है।

⏭ कुटकी के 1-2 ग्राम चूर्ण में शहद मिलाकर खाने से भूख बढ़ती है।

⏭ 20 मिली कुटकी के काढ़ा को 21 दिन तक नियमित सेवन करने से जलोदर रोग में लाभ होने लगता है।

पीलिया में फायदेमंद कुटकी का उपयोग

⏭ 5-10 ग्राम कटुकाद्य घी का सेवन करने से पीलिया, रक्तपित्त (नाक-कान से खून निकलने की परेशानी), बुखार, शरीर की जलन, सूजन, बवासीर, रक्तप्रदर (मासिक धर्म में अधिक खून आना) आदि रोगों में लाभ होता है। ⏭ कुटकी 10-12 ग्राम चूर्ण को मिश्री के साथ सेवन करने से पीलिया में लाभ होता है।

⏭ कुटकी के 2 ग्राम चूर्ण में चीनी में मिलाकर गुनगुने जल के साथ खाने से पीलिया में लाभ होता है।

⏭ बराबर मात्रा में कुटकी तथा निशोथ का चूर्ण लें। इनकी 3-6 ग्राम की मात्रा को गुनगुने पानी के साथ, सुबह और शाम सेवन करने से पीलिया में लाभ होता है।

कुटकी का परिचय

आप कुटकी के बारे में शायद बहुत अधिक नहीं जानते होंगे। यह एक जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद में कुटकी के बारे में विस्तार से अनेक अच्छी और महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं। कुटकी का इस्तेमाल रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। बरसों से आयुर्वेदाचार्य मरीज को स्वस्थ करने के लिए कुटकी का उपयोग करते आ रहे हैं। कुटकी पचने में हल्की, पित्त और कफ की परेशानी को ठीक करने वाली, भूख बढ़ाने वाली जड़ी-बूटी है। यह बुखार, टॉयफॉयड, टीबी, बवासीर, दर्द, डायबिटीज आदि में भी लाभ पहुंचाती है। इसके साथ ही कुटकी सांसों की बीमारी (सांसों का उखड़ना या फूलना), सूखी खाँसी, खून की अशुद्धता, शरीर की जलन, पेट के कीड़े, मोटापा, जुकाम आदि रोगों में भी मदद करती है।

-:कुटकी क्या है:-

कुटकी का स्वाद कड़वा और तीखा होता है। इसलिए इसे कटुम्भरा भी कहा जाता है। प्राचीन काल से ही कुटकी का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जा रहा है।

बुखार उतारने के लिए करें कुटकी का इस्तेमाल

❍ मिट्टी के नये बर्तन में कुटकी का काढ़ा बनाकर छानकर रख लें। 20 मिली काढ़ा में 10-12 ग्राम घी मिलाकर पीने से बुखार तथा शरीर की जलन की परेशानी ठीक होती है। ❍ इंद्रयव, नागरमोथा तथा कुटकी का काढ़ा बनाकर ठंडा कर लें। इसमें मधु मिलाकर पीने से पित्तज विकार के कारण होने वाली बुखार में लाभ होता है। ❍ कुटकी के 2 ग्राम चूर्ण में 1 ग्राम पिप्पली का चूर्ण मिला लें। इसे पीने से एक दिन रहने वाला बुखार, दमा तथा खांसी ठीक होती है।

सांप के काटने पर करें कुटकी के इस्तेमाल से फायदा

हरीतकी, आंवला, बहेड़ा, अतिविषा, कूठ, निर्गुण्डी बीज, तगर और कुटकी को समान मात्रा में लेकर चूर्ण बना लें। इसे 1-2 ग्राम चूर्ण में मधु मिलाकर सेवन करें। इससे सांप के काटने से होने वाले नुकसान में कमी आती है।


लीवर के लिए उपयोगी कुटकी का सेवन:- अगर आपको किसी लीवर संबंधी समस्या है तो कुटकी का सेवन आपके लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि एक रिसर्च के अनुसार कुटकी में लीवर की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने का गुण पाया जाता है।

कब्ज दूर करने में सहायक कुटकी का सेवन:- कुटकी का सेवन कब्ज को दूर करने सहायक होता है, क्योंकि आयुर्वेद के अनुसार कुटकी में भेदन का गुण पाया जाता है जो कि कब्ज को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एक्ज़िमा के इलाज में कुटकी फायदेमंद:- कुटकी और चिरायता का प्रयोग एक्जिमा में फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि एक रिसर्च के अनुसार कुटकी में त्वचा संबंधी रोग को कम करने का गुण पाया जाता है अर्थात कुटकी त्वचा के रोग के लक्षणों को बढ़ने नहीं देती है।

सफेद दागों के इलाज में कुटकी का औषधीय गुण फायदेमंद:- कुटकी का उपयोग सफेद दागों को कम करने में मदद कर सकता है, क्योंकि रिसर्च के अनुसार कुटकी में एंटीऑक्सीडेंट और इम्युनोमॉडुलेटरी का गुण पाया जाता है जो कि सफेद दागों को बढ़ने से रोकता है।

गठिया के दर्द से दिलाये राहत कुटकी:- कुटकी चूर्ण का प्रयोग गठिया के लक्षणों को कम करने में किया जा सकता है, क्योंकि आयुर्वेद के अनुसार गठिया में आम दोष का शरीर में पाया जाना भी एक कारण है। कुटकी में दीपन और भेदन दोनों गुण होते हैं जो कि आम दोष को शरीर से बाहर निकालने में मदद करते हैं।



मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभकारी कुटकी:- कुटकी में एक रिसर्च के अनुसार मधुमेह को नियंत्रित करने का औषधीय गुण पाया जाता है यानि कि कुटकी रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करती है। आयुर्वेद के अनुसार भी कुटकी में तिक्त रस होता है जो कि शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करती है।

वजन कम करने में उपयोगी कुटकी:- कुटकी पाउडर सेवन वजन कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद के अनुसार कुटकी में भेदन का गुण पाया जाता है, जो कि शरीर के अंदर उपस्थित अपशिष्ट पदार्थो को बाहर निकालकर वजन को कम करने में मदद करते हैं।

किडनी विकार में कुटकी का प्रयोग लाभदायक:- कुटकी की जड़ के 3-5 ग्राम चूर्ण को बराबर मात्रा में मधु के साथ सेवन करें। इसे रोज दिन में तीन बार सेवन करने से किडनी विकारों में लाभ होता है। यदि कब्ज भी हो तो दोगुनी मात्रा में गर्म जल के साथ दिन में 3-4 बार सेवन करना चाहिए।

मुंह के रोग में कुटकी का सेवन लाभदायक

कुटकी के काढ़े से गरारा करने से मुंह का स्वाद ठीक होता है और मुँह के छाले ठीक होते हैं। देर रात तक जागने से होने विकार आदि की स्थिति में कुटकी बहुत फायदा पहुंचाता है। कुटकी आदि औषधियों से बने काढ़े का 10-15 मि.ली. मात्रा में सेवन करें। इससे प्यास लगने, मुंह सूखने, शरीर की जलन और खांसी आदि की परेशानी ठीक होती है।

सांसों की बीमारी (दमा) में कुटकी से लाभ

दुरालभा, पिप्पली, कुटकी और हरीतकी को समान मात्रा में लेकर चूर्ण बना लें। इस 1-2 ग्राम चूर्ण में मधु एवं घी मिलाकर सेवन करने से सांसों के रोग जैसे दमा में लाभ होता है।

गले के रोग में कुटकी का प्रयोग फायदेमंद

कुटकी चूर्ण का काढ़ा बना लें। 10-15 मि.ली. काढ़े में गौमूत्र अर्क मिलाकर पीने से गले के रोगों में लाभ होता है।

वाहन की चपेट में आकर युवक घायल

अफजलगढ़ (चिंगारी)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूतपुरी पुल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव चतरपुर (भूतपुरी) निवासी नीटू पुत्र पुखराज अपनी पत्नी पूनम के साथ बाइक पर सवार होकर शेरकोट स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। बताया जाता है कि भूतपुरी पुल के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नीटू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर 112 पुलिस सेवा एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल नीटू को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक के संबंध में जानकारी नहीं मिल सकी।

गुलदार नज़र आया

चांदपुर (चिंगारी)। ग्राम गंधौर के जंगल में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों विशेषकर किसानों में भय बना हुआ है। बुधवार को जंगल गये किसानों को गुलदार दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार खेत में घुस गया। जंगल में गुलदार के दिखाई देने से किसानों में भय बना हुआ है। गुलदार के भय से किसान अकेले जंगल जाते हुए घबरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

महाशय परशुराम का हृदय गति रुकने से निधन

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। आर्य जगत की सुप्रसिद्ध भजनोउपदेशिका छवि आर्या के दादा महाशय परशुराम का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष थी। मंगलवार को उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई, तो परिजन उन्हें उपचार हेतु बिजनौर ले गए, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों को सफलता न मिल सकी। उनके निधन का समाचार मिलते ही भजनोपदेशिका के पुट्ठा गांव स्थित पैतृक निवास पर शोक संवेदना प्रकट करने और श्रद्धांजलि देने के लिए धार्मिक सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की महान हस्ती और क्षेत्र के गणमान्य लोगों का तांता लगा रहा। चांदपुर क्षेत्र के विधायक एवं आर्य विद्वान स्वामी ओमवेश, रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, रालोद के जिला महासचिव कुलदीप चिकारा, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा, संगठन के जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिट्टू, बलबीर सिंह प्रधान, महाशय कुलदीप विद्यार्थी, भाजपा के संग्राम सिंह, राजपाल भगत, ग्राम प्रधान प्रशासक रामेश्वर सिंह आदि ने उनके निवास पर पहुंचकर गहरा दुःख व्यक्त किया। दारानगर गंज के विदुर कुटी गंगा घाट पर वैदिक रीति से उनके पार्थिव शरीर को पंच तत्वों में विलीन कर दिया गया। उनके वरिष्ठ पुत्र भूपेन्द्र सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी।


फाइल फोटो

पकड़ गया मूंगफली चोर



नहटौर (चिंगारी)। पुलिस ने दुकान (ठेले) से मूंगफली व पेठा चोरी के मामले में एक आरोपी को माल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया। ग्राम फरीदनगर निवासी सोमदत्त का हल्दौर चौराहे पर पास मूंगफली का ठेला है। रात्रि में अज्ञात चोरों ने दुकान (ठेले) से मूंगफली, पेठा, रेवड़ी व गजक चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मामले में पुलिस ने अभियुक्त राजेश निवासी मौ. अफगानान नहटौर को 10 किलो मूंगफली, 9 किलो पेठा व 3000 रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी पर मुकदमे में धारा की बढ़ोत्तरी की गई।

आभूषण वापस न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई

चांदपुर (चिंगारी)। एक महिला ने मुहल्ले में ही रहने वाले एक दम्पति पर कुछ दिन रखने के लिए दिये गये आभूषण वापस न करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाने में दी गई तहरीर में नगर के मुहल्ला काजीजादगान निवासी नेहा पुत्री अनीस अहमद ने बताया कि उसके पिता को कैंसर होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। नेहा के अनुसार उसकी मां ने मुहल्ले में रहने वाली रूबी व उसके पति आफताब को सोने-चांदी के आभूषण रखने के लिए दे दिये थे, उसके पिता की मृत्यु हो गई। नेहा ने बताया कि जब उसने रूबी व उसके पति आफताब से अपने आभूषण वापस मांगे तो उन्होंने आभूषण वापस नहीं किये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

उत्साहपूर्वक मनाया भैयादूज का त्यौहार



चांदपुर (चिंगारी)। भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व भैयादूज उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इसी के साथ पांच दिनों तक लगातार त्यौहारों का क्रम समाप्त हो गया। इस अवसर पर वाहनों में भारी भीड़ रही। भैयादूज पर बहनों ने भाइयों का तिलक कर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार व नकदी देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। सुबह से ही बाजार एवं सड़कों पर चहल-पहल रही। बसों, ट्रेन तथा डग्गामार वाहनों में भारी भीड़ रहने के कारण पैर रखने की जगह भी नहीं थी। मिठाई व गोला खरीदने के लिए दुकानों पर भारी भीड़ रही। कुछ बहनें अपने भाई के घर भाईदूज का त्यौहार मनाने पहुंचीं तथा कुछ भाई अपनी बहन के घर त्यौहार मनाने पहुंचे। भैयादूज के त्यौहार को देखते हुए कल व आज बाजार में भारी भीड़ रही। दोनों रेलवे फाटकों पर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गुमशुदगी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पहचान पत्र (Identity Card) कहीं खो गया है। उक्त पहचान पत्र मुकेश कुमार, प्रथम अधिकारी के नाम से जारी किया गया है। काफी तलाश करने के बाद भी पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। अत: सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पहचान पत्र के खो जाने की सूचना प्रकाशित की जा रही है, ताकि भविष्य में इसका कोई दुरुपयोग न हो।

- नाम मुकेश कुमार
पद- प्रथम अधिकारी
32 यूपी बीएन एनसीसी धामपुर,
जिला बिजनौर

कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ



किरतपुर (चिंगारी)। पास के गांव शाहपुर सुक्खा में आयोजित रवा राजपूत कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किरतपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत द्वारा फीता काटकर किया गया। मंगलवार की रात्रि नौ बजे गांव में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र और जनपद के कबड्डी खिलाड़ियों ने भाग लिया। अरविन्द राजपूत ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, एकता, भाईचारे और खेल भावना को बढ़ावा देने का माध्यम है। इस अवसर पर ब्लॉक महासचिव डिंपल राजपूत, वरुण कुमार, संदीप कुमार, रविंद्र कुमार, सुधीर प्रधान, अखिलेश कुमार, वेद प्रकाश सहित अनेक किसान साथी उपस्थित रहे।

आसपा ने गांवों में निकाली पैदल रैली



नांगल सोती (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), भीम आर्मी की 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ में होने वाली 'बहुजन स्वराज संकल्प महारैली' की सफलता हेतु कार्यकर्ताओं ने कई गांवों में पैदल यात्रा निकाली। माता रमाबाई अम्बेडकर मैदान, शारदा नगर, शहीद पथ, लखनऊ में होने वाली महारैली में अधिक से अधिक संख्या में चलने के लिये आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा के माध्यम से लोगों का आहवान किया। नजीबाबाद विस क्षेत्र में निकाली जा रही पैदल यात्रा के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने कामगारपुर, मोहनपुर, काशीरामपुर, दहीरपुर, कोटसराय, मंडैयो, श्यामीवाला में पैदल यात्रा निकाली। भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष विष्णु गौतम, आसपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कुमार, विधानसभा क्षेत्र सचिव आशीष जाटव, वरिष्ठ नेता अविनाश प्रधान आदि शामिल रहे।

एक लाख सब्सक्राइबर हुये

बिजनौर (चिंगारी)। जो लोग अपने मोबाइल पर यूट्यूब के माध्यम से बिजनौर की ख़बरें देखने का शौक रखते हैं। उन्होंने निश्चित यह आवाज सुनी होगी बिजनौर ख़बर टीवी में आपका स्वागत है। बिजनौर के बक्शीवाला निवासी मशहूर हकीम सरफराज अहमद के पुत्र फैसल खान द्वारा 26 अप्रैल 2020 को बिजनौर ख़बर टीवी के नाम से एक यूट्यूब चैनल बनाया गया। फैसल खान व उनके भाई फैज़ान खान की कड़ी मेहनत व विश्वास पूर्ण ख़बरों ने धीरे -धीरे इस चैनल को बिजनौर सहित आसपास के क्षेत्र में विख्यात कर दिया। कुछ ही वर्षों में बिजनौर ख़बर टीवी के एक लाख सब्सक्राइबर हो गये। यू ट्यूब से फैसल खान को प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुआ है।



गंगा स्नान मेले की तैयारी, युद्ध स्तर पर जारी



मेला स्थल पर भरे पानी को निकालते हुए श्रमिक।



मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत प्रशासक साकेन्द्र प्रताप सिंह।

गंज (चिंगारी)। महात्मा विदुर की तपोभूमि विदुर कुटी पर प्रत्येक वर्ष लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा-स्नान मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मार्ग बनाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जबकि भूमि समतलीकरण का कार्य चल रहा है। इस वर्ष मेला लगभग 60 लाख वर्ग फीट भूमि पर लगाया जा रहा है। मेले में 5 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेले के मुख्य मार्ग के दोनों ओर 10 फीट चौड़ा अतिरिक्त मार्ग बनाया गया है। मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने की तैयारी चल रही है, जिसके तहत मुख्य चौराहों पर गौरी शंकर, राम दरबार, श्री गणेश भगवान की भव्य मूर्तियां लगाई जायेंगी। मेले को आकर्षक बनाने के लिए गंगा घाट पर तीन आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जा रहे हैं, जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मेले का स्मरणीय अनुभव प्राप्त हो सके। जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक साकेन्द्र प्रताप सिंह ने जिला पंचायत एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। मेले में प्रकाश व्यवस्था हेतु खंबे व बिजली के तार लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं टेंट लगाने का काम भी लगातार चल रहा है। जिला पंचायत के अवर अभियंता सुशील कुमार, सुभाष चंद्र प्रसाद दिन-रात मेले में हो रहे कार्य पर नजर बनाए हुए हैं।

महिला के गले से सोने की चेन खींच ली

चांदपुर (चिंगारी)। आज दोपहर किसी उचक्के ने रोडवेज बस से एक महिला के गले से डेढ़ तोले की सोने की चेन खींच ली। नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी मिष्ठान विक्रेता एवं भाजपा के बूथ अध्यक्ष राकेश गोला की बहन ममता भैया दूज मनाने के लिए कल धामपुर से अपने मायके चांदपुर आई थी तथा आज दोपहर रोडवेज बस से वापस धामपुर जा रही थीं। रोडवेज बस में किसी उचक्के ने ममता के गले से डेढ़ तोले सोने की चेन साफ कर दी। राकेश गोला अपनी बहन ममता को लेकर अम्बेडकर चौक पुलिस चौकी पहुंचे तथा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस छानबीन में लगी हुई है।



श्रीमती ममता देवी

गड्ढे में बाइक पलटने से मौसी-भांजा घायल

नहटौर (चिंगारी)। नूरपुर मार्ग पर सड़क के गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। बुधवार को गांव समसपुर के सामने दिव्य दीप ज्ञान दीप इंटर कॉलेज के निकट सड़क के गहरे गड्ढों के कारण एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में मौसी-भांजा घायल हो गए। जिला अमरोहा निवासी रमा यादव अपने भांजे गौरव यादव के साथ बाइक से हरिद्वार भैया दूज करने जा रही थीं। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर समसपुर गांव के सामने दिव्य दीप ज्ञान दीप इंटर कॉलेज के निकट सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया।

जयराम आश्रम में मनाया गया गोवर्धन व अन्नकूट पर्व

गौवंश संरक्षण व पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

ऋषिकेश (चिंगारी)। तीर्थनगरी में गोवर्धन एवं अन्नकूट पर्व के अवसर पर गौवंश संरक्षण और पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया गया। मंगलवार को विभिन्न मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर प्रकृति और गोवंश के संरक्षण का संकल्प लिया। जयराम आश्रम में परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में भगवान गोवर्धन का विधिवत पूजन कर 56 भोग अर्पित किए गए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा करने के साथ ही इंद्रदेव के अहंकार का अंत किया था। गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और गौ माता के प्रति सम्मान एवं संरक्षण का संदेश देने वाला पर्व है। समारोह में विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने भी भगवान गोवर्धन का पूजन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के पर्व और त्योहार समाज में उल्लास के साथ प्रकृति व सृष्टि के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करते हैं। इस अवसर पर जगमोहन सकलानी, विशन खन्ना, अशोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, बीएम बडोनी, मुनीश शर्मा, मनीष शर्मा, राजपाल खरोला, जयेन्द्र रमोला, विजय सरस्वत, दीप शर्मा, सूरज गुल्हाटी, गंगाराम आडवाणी, विनोद अग्रवाल, मदनमोहन शर्मा, राजेन्द्र सेठी, मुकुल शर्मा, यशपाल पंवार, आचार्य मायाराम रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

मोटर चुरा लिया

चांदपुर (चिंगारी)। बीती रात चोरों ने ग्राम रूपपुर के जंगल में किसान के नलकूप से हजारों रुपए कीमत की मोटर चोरी कर ली। ग्राम रूपपुर निवासी ठाकुर वेदप्रकाश चौहान ने बताया कि सुबह होने पर मोटर चोरी होने की जानकारी हुई। मालूम हो कि चोर इससे पूर्व भी क्षेत्र के अनेक गांवों के जंगलो से किसानों के नलकूप से मोटर, स्टार्टर आदि चोरी कर ले जा चुके हैं।

ढालवाला मुख्य मार्ग से चीनी गोदाम तक के बदहाल मार्ग की बदलेगी सूरत

ऋषिकेश (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ढालवाला की अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मुनिकीरेती आगमन पर ढालवाला मुख्य मार्ग से चीनी गोदाम तक के क्षतिग्रस्त बदहाल मार्ग का निर्माण किये जाने की मांग को उनके सम्मुख रखा था, उसके बादजिलाधिकारी टिहरी नीतिका खंडेलवाल के निर्देश पर प्रशासन और राजस्व की टीम को स्थान पर मुआयना निरीक्षण हेतु भेजा गया। जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण, प्रशासन, राजस्व की टीम और स्थानीय लोगों के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद जिलाधिकारी टिहरी के द्वारा फोन पर शीघ्र कार्य जिओ जारी कर कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया। पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने बताया कि बीते वर्ष नरेंद्रनगर में आयोजित होने वाले मां कुंजापुरी मेले में मुख्यमंत्री के द्वारा ढालवाला मुख्य मार्ग से चीनी गोदाम मार्ग तक के निर्माण की घोषणा की गई थी, किंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया था। जिस कारण प्रतिदिन यहां लोगों को धूल, मिट्टी और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

12 नहीं, 6 दिसम्बर को अयोध्या जाइये!

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश से पश्चाताप करने को कहा

कानपुर (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की 12 दिसंबर को प्रस्तावित राम मंदिर दर्शन यात्रा पर कटाक्ष करते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि सपा सुप्रीमो को सैकड़ों रामभक्तों की हत्या का पश्चाताप करने के लिये छह दिसंबर को रामलला के दर्शन करने चाहिये। श्री चौधरी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, अगर भगवान श्रीराम पर ये नया पैंतरा नहीं, सच्चा पश्चाताप है,तो 12 नहीं, 6 दिसंबर को राम मंदिर जाइए। उन्होंने कहा, जिन सैकड़ों रामभक्तों की हत्या कराई, उस महापाप पर माफ़ी मांगिये। मत समझिये कि आपके पुराने पाप धुल जाएंगे, बल्कि इस रामभक्ति के स्वांग से बचा-खुचा अस्तित्व भी गंवाएंगे। गौरतलब है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सांसद पत्नी डिपंल यादव के साथ 12 दिसंबर को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के दर्शन करेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडेय ने दो दिन पहले यह ऐलान करते हुये कहा था कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है और उसका जनसमस्यायों से कोई सरोकार नहीं है जबकि श्री अखिलेश यादव की भगवान राम के प्रति आस्था उनका निजी विषय है और इसके लिये उन्हे भाजपा या संघ से प्रमाण-पत्र लेने की जरुरत नहीं है।

गोवर्धन पूजा पर गिरिराज तलहटी में उमड़ा आस्था का सैलाब

मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)। गोवर्धन पूजा/ अन्नकूट महोत्सव के पावन अवसर पर गिरिराज की तलहटी में आस्था और भक्ति का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। मंगलवार को गिरिराज महाराज का भव्य दुग्धाभिषेक किया गया। सुबह चार बजे से ही मंदिर दानघाटी, मुकुट मुखारविंद, जतीपुरा मुखारविंद सहित 21 किलोमीटर लंबे परिक्रमा मार्ग पर दूध की धारा से पर्वतराज को स्नान कराने का जो क्रम आरंभ हुआ, वह देर रात तक अनवरत चलता रहा।

सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। 'तेरी कट जाएं बाधा जीवन की, कर परिक्रमा गोवर्धन की' जैसे भजनों के साथ महिलाएं व पुरुष परिक्रमा करते नजर आए। हरे कृष्णा-हरे राम के संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह पुष्प सज्जा, झांकियां और भंडारों का आयोजन किया गया था। भक्तजन सिर पर अन्नकूट की टोकरी रखकर गिरिराज प्रभु को समर्पित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस्कॉन और गौड़ीय संप्रदाय के भारतीय भक्तों के साथ-साथ 40 देशों से आए 10 हजार से ज्यादा विदेशी श्रद्धालुओं ने भी इस आयोजन में भारी उत्साह से सहभागिता की। विदेशी भक्त ढोल-नगाड़ों पर नृत्य और कीर्तन करते नजर आए। राधाकुंड मार्ग स्थित गौड़ीय मठ से भक्त समूह छबरियों में सजी अन्नकूट सामग्री लेकर निकले। पर्वतराज का पंचामृत से अभिषेक कर उन्हें 56 भोग समर्पित किया गया।

बरसाना कस्बे में भी गोवर्धन पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। भोर होते ही मंदिरों में जयकारे गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने राधा रानी की चौखट पर माथा टेका। शाम ढलते ही हर घर और मंदिर दीपों से जगमगा उठा। भक्तों ने गोबर से गिरिराज पर्वत का प्रतीक बनाकर दूध, दही और मिठाई का भोग लगाया। राधारानी मंदिर, रंगीली महल और मानगढ़ धाम में विशेष अनुष्ठान हुए। मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर और इस्कॉन में भी गोवर्धन पूजा के साथ भव्य अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। बांके बिहारी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की तीन किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। दानघाटी मंदिर के सेवायत मथुरा दास कौशिक ने बताया कि श्रीकृष्ण ने इंद्र की पूजा का विरोध कर गोवर्धन पर्वत की पूजा का प्रारंभ किया था। इंद्र के कोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पर्वत को सात दिन तक उठा लिया था। तब से यह पर्व मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए योगी सरकार के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

गुरुवार, 12 नवम्बर 2026

मेष- आज दिन 2/19 बजे तक ग्रहस्थिति प्रतिकूल, उन्नति में बाधा, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

वृषभ- आज दिन 2/19 बजे तक कठिनाइयों में कमी, स्वास्थ्य में सुधार, यात्रा सुखद, शेष समय में उलझनें, आत्मविश्वास का अभाव, नवसमस्याएं उत्पन्न, हानि।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, शत्रु पराभूत, सामाजिक कृत्यों की ओर रुचि, आपसी सद्भाव, संभावित यात्रा का प्रसंग।

कर्क- मनोभिलाषित योजनापूर्ण होने की ओर, उत्तरदायित्व का निर्वाह, नवसम्पर्क उपयोगी, जीवनसाथी से सामंजस्य, व्यक्तित्व का विकास।

सिंह- आज दिन 2/19 बजे तक समय असंतोषजनक, आरोप-प्रत्यारोप, धनागम में बाधा, शेष समय शुभ, सामयिक कार्य प्रगति पर, मान-सम्मान में वृद्धि।

कन्या- आज दिन 2/19 बजे तक समय संतोषजनक, आरोग्य सुख, लाभ का मार्ग प्रशस्त, शेष समय में व्यवसाय में विफलता, प्रियजनों से अनबन, यात्रा में असुविधा।

तुला- आर्थिक प्रगति, स्वनिर्णय हितकर, व्यापार में विस्तार, सुसमाचार की प्राप्ति, धर्म-अध्यात्म में रुचि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, प्रतियोगिता में सफलता।

वृश्चिक- समय आशाजनक, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन मधुर, संत समागम, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, मांगलिक आयोजन सम्पादित।

धनु- आज दिन 2/19 बजे तक निराशा की स्थिति, स्वास्थ्य में शिथिलता, दुर्घटना का भय, शेष समय सफलताजनक, वाक्पटुता से संकल्पसिद्धि, मनोविनोद के अवसर।

मकर- आज दिन 2/19 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, नौकरी में पदोन्नति, हर्ष भी, शेष समय में परेशानी, योजना अधूरी, मन अशांत, व्यय की अधिकता।

कुम्भ- अधूरी या नवयोजना पर मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, मन प्रसन्न, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग भी, आय के नवीन स्रोत, यात्रा का सुयोग।

मीन- व्यावसायिक सफलता, समस्या का समाधान, सद्विचारों का उदय, विवाद समापन पर, भोग विलासिता की ओर रुझान, अकल्पित लाभ।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

स्योहारा शुगर मिल के नये पेराई-सत्र का शुभारंभ





स्योहारा (चिंगारी)। बिड़ला उद्योग समूह की प्रमुख इकाई अवध शुगर एंड को-जनरेशन प्लांट, स्योहारा में पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, यज्ञ एवं हवन के बीच किया गया। इस अवसर पर मिल परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। मिल अधिकारियों ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मिल की चेन में गन्ने की पूलियां डालकर नए पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

शुभ मुहूर्त में पंडित राकेश शर्मा, देवी दत्त शर्मा एवं मुकेश द्विवेदी द्वारा विधिवत यज्ञ एवं हवन कराया गया। इसके उपरांत मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह, उप अधिशासी अध्यक्ष मनीष जैन, फाइनेंस अधिशासी अध्यक्ष मुकेश मिश्रा, केन मैनेजर दिनेश कुमार, गन्ना प्रबंधक विश्वास राज, राकेश गोसाई, गन्ना विकास प्रबंधक मोनी शर्मा, केन प्रबंधक सुरेंद्र सिंह मान, एचआर मैनेजर विवेक श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, अमित कुमार, पंकज कुमार भारती, जेके डिस्टलरी प्रमुख, सुरक्षा अधिकारी परविंदर सिंह रावत एवं उप प्रबंधक अकाउंट उमेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों ने मिल की चेन में गन्ना डालकर सत्र का विधिवत आगाज किया।

इस अवसर पर अमरोहा, बिजनौर एवं मुरादाबाद जनपद की गन्ना समितियों से जुड़े प्रमुख किसान एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इनमें डॉ. मनोज कुमार वर्मा, भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकेत, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुशवाहा, गन्ना समिति के पूर्व सभापति डॉ. अभय वीर सिंह ढाका, गन्ना समिति अध्यक्ष बंटी प्रधान उर्फ सुनील कुमार, पूर्व अध्यक्ष हुकम सिंह, टॉप टेन गन्ना उत्पादक शोभित जैन, अंचल कुमार चौधरी, मुन्नू सिंह, महेश चौहान, नरेश कुमार खाईखेड़ा, श्याम सिंह, चंचल शर्मा, समरपाल सिंह, वली उर रहमान एवं नय्यर चौधरी सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

किसानों को सम्मानित किया

नए सत्र के शुभारंभ पर सबसे पहले गन्ना लेकर पहुंचे किसान संतोष देवी पत्नी सुखवीर सिंह, जागन सिंह पत्नी मोहन सिंह, राजवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह एवं समरपाल सिंह की गन्ना भरी गाड़ियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया तथा उनकी गन्ने की प्रथम तुलाई कराई गई। मिल प्रबंधन की ओर से प्रथम गन्ना लेकर पहुंचे सभी किसानों को नगद धनराशि एवं पशुओं के लिए झूल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

किसानों में खुशी की लहर

नए पेराई सत्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। किसानों को उम्मीद है कि इस सत्र में गन्ने की आपूर्ति, तुलाई एवं भुगतान व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी और मिल प्रबंधन तथा किसानों के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा।

शेख हसीना लौटीं तो उन्हें फांसी होगी

ढाका (एजेंसी/चिंगारी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने देश लौटने की कोशिश कर रहीं हैं। इस बीच बांग्लादेश के चीफ प्रॉसिक्यूटर (सरकारी वकील) मोहम्मद अमीनुल इस्लाम ने मंगलवार को कहा कि अगर हसीना देश लौटती हैं तो उन्हें मौत की सजा दी जाएगी। उनके पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है। हसीना के वकीलों ने कल यानी 9 नवंबर को बांग्लादेश के दिल्ली स्थित हाई कमीशन को ईमेल भेजकर उनके लिए नया पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करने की मांग की थी। बांग्लादेश सरकार ने इस मांग को खारिज कर दिया। शेख हसीना को नवंबर 2025 में बांग्लादेश की अदालत ने छात्रों के आंदोलन को कुचलने के मामले में मौत की सजा सुनाई थी। हसीना ने इस मुकदमे को मजाक बताया था और आरोपों को खारिज किया था। बांग्लादेश हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। चीफ प्रॉसिक्यूटर अमीनुल इस्लाम ने यह भी कहा है कि गंभीर अपराध में दोषी व्यक्ति को पासपोर्ट नहीं दिया जा सकता। इससे पहले भी बांग्लादेश भारत से हसीना को वापस भेजने की मांग कर चुका है। हसीना के भारत में रहने से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बना हुआ है।



माथे पर तिलक कर भाई की दीर्घायू की कामना की

नहटौर (चिंगारी)। भाई-बहन के अटूट स्नेह और पवित्र रिश्ते का प्रतीक भाईदूज का त्योहार नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर बहनों ने सुबह से ही अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाया, आरती उतारी और उन्हें सूखा गोला (नारियल) तथा मिठाइयां भेंट कीं। भाइयों ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए मनपसंद उपहार और उपहार स्वरूप भेंट राशि प्रदान की। त्यौहार को लेकर बाजार में सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली। मिठाई, फल और सूखे मेवों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ बनी रही। बसों और वाहनों में बहनों की आवाजाही के कारण सड़कों पर भी काफी रौनक रही। दिन भर बधाई संदेशों के आदान-प्रदान और पारिवारिक मेल-मिलाप का दौर चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय और खुशियों से सराबोर नज़र आया।



पूर्व पत्नी ने शादी में पहुंचकर निकाह रुकवाया

नहटौर (चिंगारी)। खुद को दूल्हे की पहली पत्नी बताकर निकाह में पहुँची युवती ने जमकर हंगामा किया। जिससे निकाह रोक दिया गया। दोनों पक्ष थाने पहुंच गये। नहटौर के एक गाँव मे मंगलवार की सायं को बारात पहुँची थी। आरोप है कि निकाह से पहले ही कार्यक्रम में पहुँची एक युवती ने खुद को दूल्हे की पहली पत्नी बताया। उसका दावा था कि दूल्हे से उसका चार साल पहले उसका निकाह हुआ था। बिना तलाक व बिना सहमति के ही दूल्हे का दूसरा निकाह हो रहा। अजीब संयोग यह रहा दुल्हन ओर युवती का एक जैसा नाम था। गांव में युवती द्वारा किए गए हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस भी गांव में पहुंच गई और पुलिस ने मामले को शांत कराया। पुलिस ने बताया कि आरोप प्रत्यारोप की जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए पूजा अर्चना के साथ बंद!

देहरादून (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ 12:05 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन पड़ाव मुखीमठ (मुखबा) के लिए रवाना हुई। डोली आज सुबह मुखबा पहुंची। जहां अब श्रद्धालु आगामी छह माह तक मुखबा गांव में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तैयारी सुबह 9 बजे से शुरू हुई। सर्व प्रथम उदय बेला पर मां गंगा के मुकुट को उतारा गया। इस बीच श्रद्धालुओं ने मां के भोग मूर्ति के दर्शन किए। इसके बाद अमृत बेला, स्वाति नक्षत्र प्रीतियोग शुभ लग्न पर ठीक 12:05 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए गए। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने विशेष पूजा व गंगा लहरी का पाठ किया। डोली में सवार



होकर गंगा की भोगमूर्ति जैसे ही मंदिर परिसर से बाहर निकली तो पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। आर्मी की कुमांऊ रेजीमेंट बैंड की धुन और परंपरागत ढोल दमाऊ की थाप के साथ 12:15 पर तीर्थ पुरोहित गंगा की डोली को लेकर शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए पैदल रवाना हुए। रात्रि विश्राम के लिए गंगा की डोली मुखबा से चार किमी पहले चंदोमति के देवी के मंदिर में पहुंची। 11 नवम्वर की सुबह मां गंगा की डोली चंदोमती माता मंदिर से मुखीमठ स्थित गंगा मंदिर में पहुंची। जहां आगामी छह माह तक मां गंगा की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान,पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रमुख डुंडा राजदीप परमार,मंदिर समिति अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, नगरपालिकाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, राजेश सेमवाल, पवन सेमवाल, हरीश सेमवाल, सीओ जनक सिंह पंवार सहित तीर्थ पुरोहित एवं देश-विदेश के सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

वन रेंज के भण्डार गृह से हाथी दांत चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

कोटद्वार (चिंगारी)। कोतवाली पुलिस एवं वन विभाग लालढांग रेंज की संयुक्त टीम द्वारा वन रेंज लालढांग के भण्डार गृह से हाथी दांत चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथी दांत चोरी के संबंध में उप प्रभागीय वनाधिकारी, लैंसडाउन वन प्रभाग कोटद्वार सुधीर कुमार की तहरीर पर एक नवंबर को थाना यमकेश्वर, जनपद पौड़ी गढ़वाल में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटनास्थल कोतवाली कोटद्वार क्षेत्र से सम्बन्धित होने के कारण उक्त मुकदमा विवेचना हेतु कोतवाली कोटद्वार को स्थानान्तरित किया गया था। विवेचना के दौरान हाथी दांत चोरी में गुर्जर बस्ती गैंडीखाता निवासी गुलाम मुस्तफा उर्फ नानू, पुत्र रोशनद्दीन, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम गुर्जर बस्ती गैण्डीखाता, के संलिप्त होने की बात प्रकाश में आई। जिस पर वन विभाग के जांच अधिकारी सब डिवीज़न आफिसर लैंसडाउन वन प्रभाग रजत कपिल द्वारा आरोपी को पूछताछ हेतु बुलाया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा हाथी दांत चोरी करने की बात स्वीकार करने पर वन विभाग व पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी से भण्डार गृह का टूटा हुआ ताला व ताला तोड़ने में प्रयोग किया गया सरिया भी बरामद किया।

तहसील परिसर में राज्य स्थापना दिवस समारोह आयोजित

राज्य आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

कोटद्वार (चिंगारी)। राज्य स्थापना दिवस पर कोटद्वार और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। तहसील परिसरों में हुए समारोहों में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के 26 वर्ष बाद भी उत्तराखंड आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप नहीं बन पाया है। रोजगार, मूलभूत सुविधाओं का अभाव और पलायन आज भी प्रदेश के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इस क्रम में कोटद्वार तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अलग राज्य के निर्माण के लिए आंदोलनकारियों ने जेल यात्राएं कीं और यातनाएं सहीं, लेकिन आज भी जनता को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार नहीं मिल पाए हैं। कहा कि राज्य के हितों की रक्षा के लिए जरूरत पड़ी तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान आंदोलनकारियों ने शहीद स्मारक निर्माण, मृतक आश्रितों के प्रमाणपत्र जल्द जारी करने और पेंशन की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग उठाई। मौके पर उपिलाधिकारी ने आंदोलनकारी स्मारक के लिए भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी संदीप कुमार और प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद सनवाल ने 34 राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमेश चंद्र पांथरी और महेंद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

हरक के संन्यास का नाटक सिर्फ सहानुभूति बटोरने का पाखंड - भट्ट

कांग्रेस हरक को पार्टी या पदों से करें निष्काषित

देहरादून (चिंगारी)। भाजपा ने हरक सिंह रावत की राजनीति से संन्यास की धमकी को सहानुभूति बटोरने का पाखंड बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तंज कसा कि जनता जिन्हें दोषी मानती है उन्हें खुद राजनीति से बेदखल कर देती है, हरीश रावत और कांग्रेस पार्टी इसका ताजा उदाहरण है। पार्टी अंतिम सच सामने आने तक उन्हें पदों से अलग करे या वे स्वयं को अलग करे। वहीं चेताया कि कांग्रेस पीड़िता का चीरहरण कराने की कोशिश न करें, क्योंकि अब कोई भी दोषी नही बचेगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा राजनीति से संन्यास लेने की दी गई धमकी पर तीखा प्रहार करते हुए इसे महज़ जनता की सहानुभूति बटोरने का पाखंड और नया राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उनके जैसे नेता को राजनीति से संन्यास लेने की धमकी देने या ढोंग करने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि जनता खुद-ब-खुद ऐसे नेताओं को राजनीति से बेदखल कर देती है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा और ताजा उदाहरण पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और स्वयं कांग्रेस पार्टी है। उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार, अनैतिकता, तुष्टिकरण और विकास विरोधी होने का दोषी माना है और लोकतांत्रिक तरीके से लगातार चुनाव दर चुनाव उन्हें इसकी सजा दी है।



महेंद्र भट्ट

महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और हरक सिंह रावत की नैतिकता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं में जरा सी भी नैतिकता बची है, तो जब तक हरक सिंह रावत निर्दोष साबित नहीं हो जाते, तब तक कांग्रेस उन्हें पार्टी से निष्कासित करे या वे खुद नैतिकता के आधार पर अपने संगठनात्मक पदों से अलग हो जाएं। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसी नैतिक जिम्मेदारी निभाना कांग्रेस और उसके नेताओं के चरित्र में संभव नजर नहीं आता। क्योंकि यदि ऐसा मानदंड अपनाकर उन्होंने हरक को बाहर किया तो उन्हें ऐसे दोषों के चलते आधे से ज्यादा नेताओं को बाहर बिठाना पड़ेगा।

महामंडलेश्वर इन्द्रदेव पर महिला ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

हरिद्वार (चिंगारी)। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर इंद्रदेव निवासी वृंदावन पर मुम्बई की एक महिला ने अपने साथ हुये यौन उत्पीड़न की एफआईआर मुम्बई में दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि इंद्रदेव साधु के भेष में शैतान है, महिलाओं व युवा और नाबालिग लड़कियों को अश्लील वीडियो दिखाता तथा अश्लील बातें कर उनका यौन उत्पीड़न करता है।



इंद्रदेव के विरुद्ध मुंबई में हुई एफआईआर के बाद निरंजन अखाडे के इस महाराज ने अपनी रक्षा करने की गुहार का पैगाम हरिद्वार के एक 7 स्टार कल्चर वाले महाराज के पास भेजा था। 7 स्टार कल्चर के महाराज ने इतनी बड़ी डिमान्ड रख दी कि इन्द्र देव के हाथ पांव फूल गये। मामला बना नहीं। अब यह महाराज जी अपने को बचाने के लिए परेशान हैं। 7 स्टार संत ने जो डिमांड की थी, उस डिमांड की भनक कई साधु संतों को लग गई और उन्होंने इसमें अपना-अपना हिस्सा भी तय कर लिया था, लेकिन अभी मामला बना नहीं है और बनेगा भी कैसे, जिस 7 स्टार साधु से, इंद्रदेव मदद की गुहार कर रहे हैं, वह संत तो खुद एक महिला को दो बार अच्छी खासी मोटी रकम देकर अपनी जान बचा चुके हैं। निरंजनी अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी महाराज के सामने भी अब यह प्रकरण आ गया है और वह इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए इंद्रदेव को निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं, अब देखना है इंद्रदेव जो राजा इंद्र के अखाड़े से अवतरित हुए हैं, जिन्हें मेनका जैसी हसीन अप्सराओं की आवश्यकता हरदम रहती है, यह कब तक बचते हैं। या जिस महिला ने एफआईआर दर्ज कराई है उसको मैनेज कर अपनी जान बचाते हैं और निरंजनी अखाड़े के सचिव महोदय भी कब तक इन्हें अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से विदा करते हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

मऊ सदर विधानसभा सीट पर 30 साल से मुख्तार अंसारी परिवार का दबदबा

भाजपा-सपा नहीं खोल सकीं खाता



मऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी में कुछ ऐसी सीटें हैं, जहां अपनी-अपनी जोरदार लहर में भी सपा-भाजपा दोनों को पराजय मिली। आज तक इन सीटों पर न कभी कमल खिला और न साइकिल चल सकी है। इन्हीं सीटों में से एक है पूर्वांचल के मऊ जिले की मऊ सदर विधानसभा सीट। इस सीट पर पिछले तीस साल से मुख्तार अंसारी और उनके परिवार का ही दबदबा बना हुआ है। 1996 में पहली बार मुख्तार अंसारी ने यहां से जीत का जो सिलसिला शुरू किया, वह 2022 तक जारी रहा। हालांकि मऊ सदर सीट का इतिहास केवल मुख्तार अंसारी परिवार के दबदबे का नहीं है। यहां वामपंथी राजनीति का पुराना प्रभाव, बसपा की पकड़, निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत और बदलते राजनीतिक गठबंधनों का भी रोचक इतिहास है। 2027 के चुनाव में सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि क्या अंसारी परिवार अपना प्रभाव बनाए रख पाएगा या कोई नया राजनीतिक समीकरण इस गढ़ को ध्वस्त करेगा?

लगातार पांच बार जीते मुख्तार अंसारी

मऊ सदर विधानसभा सीट पर मुख्तार अंसारी लगातार पांच बार जीते। इसके बाद बेटे को मैदान में उतारा और छठी बार भी सीट परिवार में बरकरार रही। कई चुनाव तो ऐसे रहे जब मुख्तार अंसारी जेल में होने के कारण प्रचार तक में नहीं आ सके। मुख्तार अंसारी का राजनीतिक सफर 1996 में शुरू हुआ। उन्होंने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और भाजपा के विजय प्रताप सिंह को 25,973 वोटों से हराकर पहली बार विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2002 और 2007 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। 2012 में अपनी पार्टी कौमी एकता दल के टिकट पर मैदान में उतरे और फिर जीत हासिल की। 2017 में बसपा के टिकट पर पांचवीं बार विधायक बने।

पिछली बार अपनी जगह बेटे को मैदान में उतारा

2022 में मुख्तार अंसारी ने खुद चुनाव नहीं लड़ा। उनकी जगह बेटे अब्बास अंसारी को ओपी राजभर की पार्टी सुभासपा ने उम्मीदवार बनाया। सुभासपा के साथ तब सपा का गठबंधन था। अब्बास ने भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह को 38116 वोटों से हराकर पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। मऊ सदर का राजनीतिक इतिहास मुख्तार अंसारी के उतरने से 1996 से ही शुरू नहीं होता। 1960 और 1970 के दशक में यहां जनसंघ, कांग्रेस, स्वतंत्र पार्टी, भारतीय क्रांति दल और वामपंथी दलों का प्रभाव दिखाई देता रहा है। 1974, 1985, 1989 में कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की।





